प्रयागराज, कानपुर, रायबरेली, कौशाम्बी, इटावा, फिरोजाबाद, कानपुर देहात, बांदा, औरैया, उन्नाव, वाराणसी, मिर्जापुर, हमीरपुर, जालौन एवं महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश मे प्रसारित

फतेहपुर संस्करण | फतेहपुर/लखनऊ से प्रकाशित | R.N.I : UPHIN/ 2011/44792

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक | केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

# न्यूज़ वाणी

www.newswani.in



क्या आज़म ख़ान का विकल्प बन पाएंगे नसीमुद्दीन? पेज- 2

पेज-6 एसआईआर : कल प्रत्येक मतदेय स्थल पर चलेगा विशेष अभियान

वर्ष : 15 अंक : 63 | शनिवार 21 फरवरी, 2026 | डाक पंजीयन संख्याः एफटीपी/एल/समाचार पत्र/2025–27/106 | पृष्ठ 06 मूल्य 1.00 रूपया

## प्रधानमंत्री मोदी ने अरुणाचल प्रदेश के स्थापना दिवस पर मुख्यमंत्री पेमा खांडू को लिखा पत्र

(एजेंसी) नई दिल्ली। प्रधानमंत्री मोदी ने अरुणाचल प्रदेश के स्थापना दिवस पर मुख्यमंत्री पेमा खांडू को पत्र लिखा नयी दिल्ली, 20 फरवरी (भाषा) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को अरुणाचल प्रदेश के स्थापना दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री पेमा खांडू को पत्र लिखकर कहा कि अपनी भौगोलिक स्थिति के अनुरूप नाम वाला अरुणाचल प्रदेश देश का वह राज्य है जहां सूर्य सबसे पहले उगता है। मोदी ने कहा कि यह बिल्कुल उचित है कि वह भूमि जो शेष भारत से पहले सूर्योदय का स्वागत करती है, वह भी असीम देशभक्ति और उत्साह से भरी हो। उन्होंने पत्र में कहा, अरुणाचल प्रदेश के बारे में जो बात मुझे हमेशा से आश्चर्यचकित करती रही है, वह है लोगों का एक–दूसरे को जय हिंद कहकर अभिवादन करने की परंपरा। मेरे लिए, यह राष्ट्रीय गौरव और एकता की जीवंत पुष्टि है। प्रधानमंत्री ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश विभिन्न जीवंत जनजातीय समुदायों का घर है और इनमें से प्रत्येक समुदाय की अपनी अनूठी एवं प्रेरक परंपराएं और जीवन मूल्य हैं। उन्होंने कहा कि यहां के लोगों का सतत विकास के प्रति जुनून हमेशा उन्हें प्रभावित करता रहा है। उन्होंने कहा, यह बात लोगों के विभिन्न व्यक्तिगत और सामुदायिक प्रयासों में देखी जा सकती है। मुझे अरुणाचल प्रदेश की बार–बार यात्रा करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। हर बार जब मैं आता हूं, तो लोगों का





स्नेह अतुलनीय होता है। मोदी ने कहा कि जीएसटी (माल एवं सेवा कर) बचत उत्सव का आरंभ ईटानगर से हुआ था और उस समय उन्हें राज्य भर के स्वयं सहायता समूहों एवं व्यापारियों के साथ बातचीत करने का अवसर मिला था। उन्होंने कहा, उनकी नवाचार की भावना ने मुझे बहुत प्रभावित किया। मैं राज्य के उत्पादों के प्रति उनके जुनून को महसूस कर सकता था, चाहे वह चावल हो, अचार हो, चाय हो, हस्तशिल्प हो, कालीन हो, मिठाई हो या कुछ और। मैं यह देखकर हैरान था कि लोग तकनीकी रूप से कितने आगे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि केंद्र में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के नेतृत्व वाली सरकार ने पूरे पूर्वोत्तर की प्रगति के लिए अभूतपूर्व संसाधन समर्पित किए हैं और अरुणाचल प्रदेश के लोग उस समय रोमांचित हुए जब इस धरती के गौरवशाली सपूत किरेन रीजीजू राज्य से पहले केंद्रीय कैबिनेट मंत्री बने। उन्होंने कहा कि पिछले एक दशक में अरुणाचल प्रदेश में मंत्रियों के दौरों की संख्या किसी भी पिछली सरकार के दौरों से अधिक रही है। मोदी ने कहा कि उन्हें इस बात की जानकारी है कि लोगों को परेशान करने वाली चीजों में से एक उचित कनेक्टिविटी का अभाव है। उन्होंने कहा, हमारी सरकार ने इस समस्या के समाधान के लिए दिन–रात काम किया। पिछले दशक में हजारों किलोमीटर सड़कें बनाई गई हैं, जिनमें से कई बेहद सुदूरवर्ती इलाकों में हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार के कार्यकाल में डोनी पोलो हवाई अड्डे और सेला सुरंग जैसी महत्वपूर्ण परियोजनाओं की आधारशिला रखना और समय पर उन्हें पूरा करना, सर्वांगीण कनेक्टिविटी के प्रति प्रतिबद्धता की झलक देता है। उन्होंने कहा कि एक और मुद्दा यह है कि अरुणाचल प्रदेश के कई गांव सीमावर्ती क्षेत्रों में स्थित हैं और पारंपरिक सोच के अनुसार उन्हें अंतिम गांव माना जाता है, मानो वे किसी अंतिम सीमा पर स्थित हों। उन्होंने कहा, मैं इस सोच से सहमत नहीं था। मेरे लिए सीमावर्ती गांव ही पहले गांव हैं और इसी सोच के साथ हमने जीवंत ग्राम कार्यक्रम शुरू किया। उन्होंने कहा कि इससे अरुणाचल प्रदेश को बहुत लाभ हुआ है। मोदी ने ज्ञान भारतम मिशन के तहत तवांग, पश्चिम कामेंग, शि–योमी, ऊपरी सियांग और नामसाई जैसे जिलों में दुर्लभ पांडुलिपियों के दस्तावेजीकरण और डिजिटलीकरण के लिए किए जा रहे कार्यों पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि इससे राज्य की समृद्ध बौद्धिक और आध्यात्मिक विरासत के संरक्षण में काफी मदद मिलेगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार चाहती है कि अधिक से अधिक पर्यटक अरुणाचल प्रदेश आएं और इसकी सुंदरता का आनंद लें। उन्होंने राष्ट्र की प्रगति में राज्य के लोगों के योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा, देश की सीमाओं पर सेवारत वीर सैनिकों से लेकर कुशल खिलाड़ियों, कलाकारों, उद्यमियों और सरकारी कर्मचारियों तक, अरुणाचल प्रदेश के बेटे–बेटियों ने भारत के विकास और सुरक्षा में अमूल्य योगदान दिया है। मोदी ने खांडू के पिता दिवंगत दोरजी खांडू को याद करते हुए कहा कि दोरजी खांडू मुख्यमंत्री के रूप में सहयोगी रहे थे और दिल्ली में मुख्यमंत्रियों की बैठकों के दौरान एक–दूसरे से बातचीत करते थे। उन्होंने कहा, निश्चित तौर पर लोगों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के आपके प्रयासों पर उन्हें गर्व होता। अरुणाचल प्रदेश को हर सुबह आशीर्वाद देने वाली सूर्य की पहली किरण नयी पीढ़ियों के लिए आशा, प्रगति और अटूट देशभक्ति का प्रतीक बनी रहे, यही कामना है। मोदी ने कहा, राज्य को नयी ऊंचाइयों पर ले जाने के आपके निरंतर प्रयासों के लिए मेरी शुभकामनाएं। राज्य स्थापना दिवस पर एक बार फिर हार्दिक शुभकामनाएं।

## सुलतानपुर की अदालत में राहुल गांधी ने दर्ज कराया बयान, अमित शाह के खिलाफ की थी टिप्पणी

(एजेंसी) सुलतानपुर। विपक्ष के नेता राहुल गांधी शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर में एक सांसद–विधायक अदालत में पेश हुए और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ उनकी टिप्पणी से संबंधित मानहानि मामले में बयान



दर्ज कराया। राहुल गांधी के अधिवक्ता काशी प्रसाद शुक्ला ने बताया, राहुल गांधी सुल्तानपुर में सांसद–विधायक अदालत में पेश हुए और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ उनकी टिप्पणी से संबंधित मानहानि मामले में बयान दर्ज कराया। उन्होंने कहा कि अदालत ने सुनवाई की अगली तारीख नौ मार्च तय की है, जिस पर राहुल गांधी को अपने बचाव में सबूत पेश करने के लिए कहा गया है। राहुल गांधी सुबह करीब 10.40 बजे सुल्तानपुर की अदालत में दाखिल हुए और करीब 11.15 बजे मामले में बयान दर्ज कराने के बाद वहां से चले गए। प्रदेश कांग्रेस प्रमुख अजय राय ने बताया, अदालत ने मामले में अगली तारीख नौ मार्च तय की है। उन्होंने बताया कि गांधी लखनऊ के लिए रवाना हो गये और वहां से वह वापस दिल्ली के लिए उड़ान भरेंगे। अपना बयान दर्ज कराने के बाद जब गांधी अदालत से बाहर निकले तो कांग्रेस समर्थकों का एक भारी हुजूम वहां पहुंचा और उनके पक्ष में नारे लगाए। राहुल मुस्कुराए और जाने से पहले भीड़ की ओर हाथ हिलाया। अदालत की सुनवाई से पहले, कुछ स्थानीय कांग्रेस नेताओं ने सुल्तानपुर में पोस्टर लगाए हैं, जिन पर लिखा है सत्यमेव जयते (सच्चाई की हमेशा जीत होती है)। यह मामला 2018 का है जब स्थानीय भाजपा नेता विजय मिश्रा ने गांधी के खिलाफ मानहानि की शिकायत दर्ज की थी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि 2018 में कर्नाटक चुनाव के दौरान कांग्रेस नेता ने तत्कालीन भाजपा अध्यक्ष और वर्तमान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की थी। पिछले पांच साल से मुकदमा चल रहा है. दिसंबर 2023 में, अदालत के समक्ष उपस्थित न होने पर गांधी के खिलाफ वारंट जारी किया गया था। उन्होंने फरवरी 2024 में आत्मसमर्पण कर दिया, जिसके बाद एक विशेष मजिस्ट्रेट ने उन्हें 25,000 रुपये की दो जमानत राशि पर जमानत दे दी। इसके बाद 26 जुलाई, 2024 को राहुल गांधी ने अदालत के समक्ष अपना बयान दर्ज कराया, जिसमें उन्होंने खुद को निर्दोष बताया और मामले को राजनीतिक साजिश करार दिया। बाद में अदालत ने शिकायतकर्ता को मामले में सबूत पेश करने का निर्देश दिया।

## दुनिया का सबसे पतला 8000 एमएएच स्मार्टफोन पोवा कर्व 2 आज से बिक्री के लिए उपलब्ध

(एजेंसी) मुंबई। निरंतरता और दिन भर की चुनौतियों के बावजूद कनेक्टेड रहना। काम के लंबे दिनों से लेकर अविश्वसनीय नेटवर्क तक, रोजमर्रा की जिंदगी बहुत कुछ मांगती है। और अब, इंतजार आखिरकार खत्म हो गया है। पोवा कर्व 2 आधिकारिक तौर पर आज, 20 फरवरी से बिक्री के लिए उपलब्ध है, जो वास्तविक दुनिया के संघर्ष के लिए डिजाइन किए गए स्लिम, कर्व्ड डिजाइन में अत्यधिक सहनशक्ति लेकर आया है। पोवा ने हमेशा स्मार्टफोन को पहचान का बैज माना है, जिसे खास तौर पर बोल्ड इंडियन स्पिरिट के लिए बनाया गया है। जहां ओरिजिनल पोवा कर्व ने अपने इनोवेटिवएस्थेटिक्स से अलग पहचान बनाई थी, वहीं पोवा कर्व 2 एक बड़ी छलांग है। स्पेसक्राफ्ट इंजीनियरिंग की शानदार सटीकता से प्रेरित होकर, यह श्कूलश फैक्टर को कुछ ज्यादा शार्प और सोफिस्टिकेटेड बनाता है, एक लॉन्चपैड–रेडी डिजाइन जो भीड़ में सबसे अलग दिखने के लिए बनाया गया है। तकनीक और डिजाइन के इस शक्तिशाली संयोजन को पूरे भारत में उपभोक्ताओं तक पहुँचाते हुए, पोवा कर्व 2 एक आकर्षक कीमत पर उपलब्ध हैरू यह स्मार्टफोन अभी फ्लिपकार्ट और देश भर के बड़े रिटेल स्टोर पर खरीदने के लिए उपलब्ध है। खरीदार बड़े बैंक और छठ्ठ पार्टनर से 3,000 रुपये तक का कैशबैक भी पा सकते हैं। भारतीय उपयोगकर्ताओं को ध्यान में रखकर विकसित किया गया एला एआई 2.0, स्मार्ट अनुभव को और बेहतर बनाता है। हिंदी, बंगाली, तमिल, गुजराती और मराठी में बहुभाषी समर्थन के साथ, एला एआई दैनिक बातचीत को अधिक सहज बनाता है। यह डिवाइस अपने सेगमेंट में भारत का पहला ऑल– सिनारियो एआई नॉइजरिडक्शन भी पेश करता है, जो कॉल, वीडियो मीटिंग और गेमिंग चौट के दौरान स्पष्ट आवाज की गुणवत्ता सुनिश्चित करता है। पोवा कर्व 2 के मुख्य भाग में सेगमेंट–लीडिंग8000 एमएएच की बैटरी है, जिसे बहुत ही शानदार ढंग से 7.42उउ की स्लिमप्रोफाइल में पैक किया गया है और इसका वजन सिर्फ 195 जी है। स्मार्टफोन में 144एचजेड कर्व्ड ।डवस्म्क डिस्प्ले भी है जिसमें आई कम्फर्ट टेक्नोलॉजी है, जो लंबे समय तक उपयोग के दौरान आंखों के तनाव को कम करते हुए सहज विजुअल प्रदान करता है।

### भारत-अमेरिका अंतरिम व्यापार समझौता अप्रैल में लागू होने की संभावना पीयूष गोयल

(एजेंसी) नयी दिल्ली। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि भारत और अमेरिका के बीच अंतरिम व्यापार समझौते पर मार्च में हस्ताक्षर होने और अप्रैल में इसके लागू होने की संभावना है। उन्होंने बताया कि भारत के ब्रिटेन और ओमान के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) भी अप्रैल में लागू होने की उम्मीद है। न्यूजीलैंड के साथ समझौता सितंबर में लागू हो सकता है। भारत और अमेरिका के अधिकारियों के बीच अंतरिम व्यापार समझौते के कानूनी मसौदे को अंतिम रूप देने के लिए तीन दिवसीय बैठक 23 फरवरी से अमेरिका में शुरू होगी। इस महीने की शुरुआत में भारत और अमेरिका ने एक संयुक्त बयान जारी कर घोषणा की थी कि अंतरिम व्यापार समझौते के लिए रूपरेखा तय कर ली गई है।

## प्रधानमंत्री के समर्पण के कारण भारत एक डेटा कॉलोनी बन जाएगा : राहुल गांधी

(एजेंसी) नई दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने अमेरिका के साथ अंतरिम व्यापार समझौते को लेकर शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर एक बार फिर निशाना साधा और आरोप लगाया कि उनके शर्मनाक समर्पण के कारण अब भारत एक श्डेटा कॉलोनीश बनकर रह जाएगा। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने एक वीडियो जारी कर सदन में बजट पर चर्चा के दौरान दिए गए अपने भाषण के उस अंश का जिक्र भी किया जिसमें उन्होंने मार्शल आर्ट की एक आधुनिक शैली जिउ–जित्सु के ग्रिप और चोक जैसे कुछ दांव का उल्लेख किया था। राहुल गांधी ने एक्स पर पोस्ट किया, व्यापार समझौते को लेकर संसद में अपने भाषण में मैंने जिउ–जित्सु का उदाहरण क्यों दिया? अमेरिकियों को खुश करने के लिए हमारे किसानों की कुर्बानी क्यों दी गई? अमेरिका को हमारा तेल आयात तय करने की मंजूरी देकर भारत की ऊर्जा सुरक्षा से समझौता क्यों किया गया? उन्होंने सवाल किया कि बिना किसी पारस्परिक वादे के, हर साल 100 अरब डॉलर का अमेरिकी आयात बढ़ाने पर सहमति क्यों दी गई? उन्होंने दावा किया कि यह समझौता भारत को एक डेटा कॉलोनी बना देगा क्योंकि सारा डेटा अमेरिका और उसकी कंपनियों के सुपुर्द किया जा रहा है। राहुल गांधी ने कहा, मोदी जी ऐसा समझौता क्यों मानेंगे, जिसमें भारत इतना कुछ दे रहा है और बदले में



बहुत कम मिलता दिख रहा है? इस शर्मनाक आत्मसमर्पण का जवाब प्रधानमंत्री पर डाले गए ग्रिप और चोक में छिपा है। कांग्रेस नेता ने दावा किया कि प्रधानमंत्री के झुकने का कारण अमेरिका में उद्योगपति गौतम अदाणी के खिलाफ दर्ज मुकदमा और एप्सटीन फाइल है। उन्होंने यह दावा भी किया कि प्रधानमंत्री की पैसे की बदौलत बनाई गई छवि की डोर अब अमेरिका के हाथों में हैं।

## भाजपा सरकार की पहली वर्षगांठ पर रेखा गुप्ता बोलीं, सकारात्मक बदलाव के लिए सभी क्षेत्रों में काम किया

(एजेंसी) नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को अपनी सरकार का रिपोर्ट कार्ड प्रस्तुत करते हुए कहा कि सरकार ने पिछले एक वर्ष में सभी क्षेत्रों में सकारात्मक बदलाव लाने और गरीबों के कल्याण के उद्देश्य से काम किया है। पिछले साल हुए दिल्ली विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की भारी जीत के बाद गुप्ता और उनकी मंत्रिपरिषद ने 20 फरवरी 2025 को शपथ ली। दिल्ली सचिवालय में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार का रिपोर्ट कार्ड भाजपा शासन के तहत पिछले एक वर्ष में किए गए कठिन परिश्रम और बदलावों का एक तथ्य पत्रक है और इसके लिए अंत्योदय के दर्शन का पालन किया गया है। उन्होंने कहा कि कार्यभार संभालने के बाद अपनी पहली कैबिनेट बैठक में सरकार ने आयुष्मान भारत स्वास्थ्य योजना को लागू करने का निर्णय लिया, जिसमें सात लाख लोगों ने पंजीकरण कराया है और अब तक 30,000 से अधिक लोग लाभान्वित हो चुके हैं। गुप्ता ने कहा, हमने दिल्ली की कार्य संस्कृति को बदल दिया है। पिछली सरकार बहुत शोर मचाती थीं। हमने दिल्ली के



सभी क्षेत्रों में काम किया है। आयुष्मान योजना के तहत स्वास्थ्य बीमा का निर्णय पहली कैबिनेट बैठक में ही ले लिया गया था। अब तक लगभग 30,000 लोग इस योजना का लाभ उठा चुके हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि सरकार शहर में गरीबों और झुग्गीवासियों के कल्याण के लिए भी प्रतिबद्ध है, और इसके लिए उन्होंने शहर में जेजे क्लस्टर के विकास के लिए बजट में 700 करोड़ रुपये के आवंटन का हवाला दिया। मुख्यमंत्री ने कहा, झुग्गी–झोपड़ी और जेजे क्लस्टर में रहने वालों के पुनर्वास के लिए 13,000 फ्लैट भी जल्द ही तैयार हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि 37 में से 28 सीवेज शोधन संयंत्रों (एसटीपी) का उन्नयन किया जा चुका है और शेष पर काम जारी है। मुख्यमंत्री ने कहा, बड़े संयंत्रों से आगे बढ़कर विकेंद्रीकृत एसटीपी भी स्थापित किए जा रहे हैं और हमारा लक्ष्य सीवेज शोधन क्षमता को बढ़ाना है। सरकार द्वारा बड़े पैमाने पर गाद हटाने का अभियान चलाया गया, जिसमें लगभग 22,000 मीट्रिक टन गाद हटाई गई ताकि ओवरफ्लो और प्रदूषण को रोका जा सके। गुप्ता ने कहा, अराजकता और उपेक्षा की स्थिति से बाहर निकलते हुए, हमारी सरकार ने दिल्ली में बेहतर प्रशासन सुनिश्चित करने के लिए साल के 365 दिन काम किया है। हमारी सरकार ने दिल्ली की अर्थव्यवस्था को स्थिर करने का भी निर्णय लिया। हमने आरबीआई के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए और आरबीआई को अपना आधिकारिक बैंकर बनाया। उनके मुताबिक, दिल्ली सरकार ने जनता की शिकायतों, प्रतिक्रियाओं और अपीलों के लिए दिल्ली सरकार के श्जन सुनवाई पोर्टल को भी नया रूप दिया है। मुख्यमंत्री ने अपनी रिपोर्ट कार्ड प्रस्तुत करते हुए यह भी कहा कि इस वर्ष मानसून से पहले, दिल्ली सरकार 400 किलोमीटर सड़कों के पुनर्निर्माण कार्य को पूरा करने की योजना बना रही है। उन्होंने कहा, नंद नगरी फ्लाईओवर का निर्माण पूरा हो चुका है, बारापुल्ला फ्लाईओवर इस साल जून तक पूरा होने की संभावना है। इस फ्लाईओवर की समस्याओं को ठीक करने के लिए पिछली सरकार के पास समय नहीं था। गुप्ता ने कहा कि दिल्ली सरकार ने पिछले साल जलभराव वाले 72 स्थानों की पहचान की थी, इन स्थानों को ठीक करने के लिए कई कदम उठाए गए हैं। उनके मुताबिक, सरकार का लक्ष्य शहर में 40 फुटओवर ब्रिज के निर्माण का भी है।

## विनोद जाखड़ बने एनएसयूआई के अध्यक्ष, राजनीति में संघर्ष के बाद पाया मुकाम

(एजेंसी) नई दिल्ली। कांग्रेस ने शुक्रवार को विनोद जाखड़ को अपनी छात्र इकाई भारतीय



राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) का अध्यक्ष नियुक्त किया। पार्टी के संगठन महासचिव के सी वेणुगोपाल की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने जाखड़ को तत्काल प्रभाव से एनएसयूआई का अध्यक्ष नियुक्त किया। जाखड़ ने वरूण चौधरी का स्थान लिया है। पिछले दिनों कांग्रेस नेतृत्व ने एनएसयूआई के अध्यक्ष पद के लिए कई दावेदारों का साक्षात्कार लिया था। विनोद जाखड़ अब तक एनएसयूआई की राजस्थान इकाई के अध्यक्ष की जिम्मेदारी निभा रहे थे। वह राजस्थान विश्वविद्यालय छात्र संघ के अध्यक्ष भी रहे हैं। विनोद जाखड़ छात्र राजनीति में कई सालों से सक्रिय रहे। वे अगस्त 2018 में राजस्थान विश्वविद्यालय के छात्रसंघ अध्यक्ष भी चुने गए थे। छात्रसंघ अध्यक्ष बनने के बाद जाखड़ बड़े कांग्रेस नेताओं के और करीब आ गए। इसके बाद वह पार्टी में सक्रिय हो गए। वर्ष 2014 में राजस्थान यूनिवर्सिटी में एडमिशन लेने के बाद से ही जाखड़ एनएसयूआई से जुड़ गए थे। वर्ष 2018 में छात्र संघ चुनाव में जाखड़ ने छात्रसंघ चुनाव लड़ने की इच्छा जताई, लेकिन उन्हें टिकट नहीं दिया गया। इससे नाराज होकर जाखड़ ने निर्दलीय चुनाव लड़ा और जीत दर्ज की। हालांकि जीतने के बाद वह फिर एनएसयूआई में शामिल हो गए और छात्र हितों के लिए लगातार संघर्ष करते रहे। विनोद जाखड़ साधारण परिवार से आते हैं। इसके बावजूद अपने संघर्ष के दम पर वह इस पद पर पहुंचे।

# सम्पादकीय

## फिर से नया विवाद

नेटलिक्स की फिल्मों और वेब सीरीज को लेकर भारत में कई बार बड़े विवाद हुए हैं। मै नफीस जाफरी आपको यह बता दूं कि ये विवाद ज्यादातर धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने, जातिगत अपमान, ऐतिहासिक घटनाओं के गलत चित्रण, या संवेदनशील विषयों (जैसे हिंदू–मुस्लिम संबंध, मांसाहार, आदि) से जुड़े रहे हैं। कई मामलों में एफआईआर भी दर्ज हुईं, लीगल नोटिस भेजे गए, बॉयकॉट की मांग हुई, और कुछ कंटेंट को हटाना पड़ा या बदलाव करने पड़े। कुल मिलाकर, भारत में नेटलिक्स को धार्मिक/जातिगत संवेदनशीलता के कारण बार–बार चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, और कई बार कंटेंट हटाना या प्रमोशन रोकना पड़ता है। समय–समय पर ये सवाल उठते रहे हैं कि ये ओटीटी प्लेटफॉर्म ऐसा क्या लोकप्रियता हासिल करने के लिए करता है क्योंकि टाइटल घूसखोर पंडत पर भी खूब विवाद हुआ था। अब कोर्ट के फैसले के बाद इस टाइटल को चेंज भी करना पड़ रहा है। ऐसे में इस तरह के विवादों को लेकर सवाल उठना लाजिमी है क्योंकि कहा जाता है कि बदनाम हुए तो क्या नाम न होगा। अकसर विवाद की वजह से कॉन्टेंट सुर्खियों में आता है और उससे जुड़ा प्लेटफॉर्म भी। बीते दिनों नेटलिक्स की फिल्म घूसखोर पंडत अपने नाम की वजह से विवादों में आ गई थी। इस पर पंडित समाज ने नाराजगी जाहिर की थी। वहीं अब यादव समाज एक फिल्म को लेकर गुस्सा हो गया है। इस फिल्म का नाम यादव जी की लव स्टोरी है। उत्तर प्रदेश के संभल जिले में एक नई फिल्म यादव जी की लव स्टोरी को लेकर बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। यादव समाज के लोगों में इस फिल्म की कहानी से भारी नाराजगी है। यह विवाद हाल ही में घूसखोर पंडत फिल्म के विरोध के बाद सामने आया है।


नफीस जाफरी

फिल्म में यादव समाज की एक बेटी और मुस्लिम युवक के बीच प्रेम कहानी दिखाई गई है। यादव समाज का कहना है कि इससे उनकी छवि खराब हो रही है और भावनाओं का अपमान हुआ है। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि फिल्म का नाम और कहानी खास तौर पर यादव समाज को निशाना बनाती है। धनारी थाना क्षेत्र में यादव समाज के लोगों ने सिनेमा हॉल चलाने वालों को सख्त अल्टीमेटम दिया है। उन्होंने कहा कि अगर फिल्म की स्क्रीनिंग तुरंत नहीं रोकी गई, तो गंभीर परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं। वे किसी भी हालत में अपने इलाके में इस फिल्म को चलने नहीं देंगे। बड़ी संख्या में लोग सड़कों पर उतरे और प्रशासन से तुरंत कार्रवाई की मांग की।

मालूम हो कि यादव समाज ने धनारी पुलिस थाने में फिल्म के निर्माता के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में कहा गया है कि फिल्म से समाज की भावनाएं आहत हुई हैं और सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश की गई है। उन्होंने पुलिस से मामला दर्ज कर निर्माता और संबंधित लोगों के खिलाफ कानूनी एक्शन की मांग की है। पुलिस ने शिकायत मिलने की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि जांच शुरू हो गई है और तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी. प्रशासन ने सभी पक्षों से शांति बनाए रखने की अपील की है।

# पट्टीशाह का चर्चित हत्याकाण्ड : एक दर्जन को आजीवन कारावास

- दौरान मुकदमा आधा दर्जन अभियुक्तों की हो चुकी मौत
- वादी के परिजनों ने वरिष्ठ अधिवक्ता का माला पहनाकर किया स्वागत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। हथगाम थाना क्षेत्र के चर्चित पट्टीषाह हत्याकांड का फैसला सुनाते हुये जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीष की अदालत ने हत्या व हत्या के प्रयास के विचारणीय मामले में विद्वान न्यायाधीष ने डेढ़ दर्जन से अधिक लोगों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। इनमें दौरान विचारण छः आरोपियों की अब तक मौत हो



चुकी है। अदालत ने सभी दोशियों को 20–20 हजार रुपये के अर्थदण्ड़ का भी फैसला सुनाया। गौरतलब है कि साल 2009 में हथगाम थाना क्षेत्र के पट्टीषाह गांव में 24 नवंबर की सांयकाल करीब 4 बजे हत्याकांड़ की घटना को तब अंजाम दिया गया, जब षरीफ सेठ अपने भाई नफीस के साथ मोटर साइकिल से अपने घर जा रहे थे। उनके घर के समीप ही आपराधिक प्रवृत्ति के चर्चित माफिया रहे मजहर हैदर नकवी उर्फ मज्जू मियां अपने पुत्रों सहित 18 लोगों ने उन पर फायरिंग करना षुरू कर दिया। घटना में दोनो भाई गंभीर रूप से घायल हो गये। गोलियों की तड़तड़ाहत सुनकर घायलों के परिजन मौके पहुंचे। दोनो भाइयों को खून से लथ–पथ देखते ही कोहराम मच गया। नफीस ने अपनी पत्नी को घटना की पूरी जानकारी दी। मृतक नफीस की पत्नी दोनों घायलों को वाहन से थाना लेकर पहुंची। हालात नाजुक होने के कारण पुलिस ने बिना देर लगायें दोनो भाईयों को तत्काल सीएचसी ले गई, जहां से उन्हें जिला अस्तपताल के लिये रिफर कर दिया गया। जिला अस्पताल के इमरजेंसी कक्ष में पहुंचते ही चिकित्सक ने उनका परीक्षण करते हुये नफीस को मृत घोशित कर दिया था और षरीफ सेठ का भर्ती कर इलाज किया गया। घटना को लेकर पुलिस को दी गई तहरीर में मज्जू मियां उनके पुत्रों सलमान, सीमाब, सिकन्दर, भाई षाहिद रजा, मांजे मोबीन, गय्यूर मसरूर, असगर, रूकनुद्दीन, रमेष चन्द्र, अब्दुल हई, बासू अमीन, तेज अली, सगीर, चन्द्र भूशण, नसीम हुसैन आदि 18 लोगों के खिलाफ हत्या व हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज किया गया था। मुकदमा के दौरान विचारण आरोपियों मज्जू मियां, इमीन, तेग अली, सगीर, चन्द्रभूशण व नसीम की मौत हो चुकी है। वादी पक्ष की ओर वरिश्ठ एम. तारिक फरीदी व प्रमिल श्रीवास्तव तथा बचाव पक्ष की ओर से वरिश्ठ अधिवक्ता आरडी षुक्ला व राजेन्द्र सिंह यादव ने अपने–अपने तर्क दिये। विद्वान न्यायाधीष पूजा विष्वकर्मा ने दोनो पक्षों के तर्क सुनने व पत्रावली में उपलब्ध साक्ष्यों एवं गवाहों के बयानों आदि को सुनते हुए घटना के दोशियों को आजीवन कारावास के साथ ही 20 हजार रुपये प्रति के अनुसार अर्थदण्ड की सजा का फैसला सुनाया। अदालत के दिये गये निर्णय की अधिवक्ताओं एवं जनता के बीच तेजी से चर्चा होती रही। उधर वादी के परिजनों ने वरिश्ठ अधिवक्ता एम. तारिक फरीदी व प्रमिल श्रीवास्तव का फूल–माला पहनाकर स्वागत किया और न्यायालय के इस फैसले का स्वागत किया।

# क्या आज़म ख़ान का विकल्प बन पाएंगे नसीमुद्दीन?


गुलफिशा खान

कहते हैं राजनीति में सबकुछ सीधा या उल्टा ही नहीं होता, कुछ आड़ा तिरछा भी होता है। इसको ऐसे भी कह सकते हैं कि राजनीति में सफेद या काले की जगह ग्रे हिस्सा ज्यादा होता है। कुछ ऐसा ही इस वक्त यूपी की सियासत में दिख रहा है। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में सियासी गठबंधन बनने, फिर टूटने और फिर से बनने की जो बात कही है, उसे लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया है। कहा जा रहा है कि कहीं ये बसपा सुप्रीमो मायावती को इशारा तो नहीं, क्योंकि पिछले महीने मायावती भी गठबंधन को लेकर बड़ा बयान दे चुकी हैं। दरअसल सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने गठबंधन को लेकर कहा कि गठबंधन बने और बाद में टूट भी गए। हालांकि अब हम अपने पुराने गठबंधन को वापस मज़बूत करने की कोशिश कर रहे हैं। इससे पहले उन्होंने बाबा साहब भीमराव आंबेडकर और लोकनायक जयप्रकाश नारायण को लेकर भी बड़ी बात कही। उन्होंने कहा कि कभी आंबेडकर और लोहिया ने मिलकर साथ काम करने की कोशिश की थी, लेकिन समय और परिस्थितियों ने ऐसा करने नहीं दिया। बहरहाल, अब बात समाजवादी पार्टी में शामिल हुए बसपा और कांग्रेस के पूर्व नेता नसीमुद्दीन की तो गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश की राजनीति में बीते तीन दशकों में अगर किसी एक मुस्लिम नेता ने अपनी सबसे मजबूत पहचान बनाई है तो वो आजम खान हैं। हालांकि बीते कुछ सालों के दौरान एक के बाद एक मुकदमों और जेल की कैद की वजह से आजम खान की बुलंद आवाज मानो कहीं दब सी गई है। आजम कब बाहर आएंगे और अगर बाहर आएंगे तब भी वो फिर से उतने ही मजबूत होंगे या नहीं, ये बड़ा सवाल है। हालांकि इस सवाल के बीच एक और सवाल है कि क्या समाजवादी पार्टी आजम खान का विकल्प तलाश रही





है? पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन सिद्धीकी ने समाजवादी पार्टी की सदस्यता ली है। बहुजन समाज पार्टी की सरकार के वक्त कद्दावर मंत्री रहे नसीमुद्दीन सिद्धीकी को बसपा से निकाले जाने के बाद वो कांग्रेस में चले गए थे। लंबे समय तक कांग्रेस में रहने के बाद उन्होंने कुछ दिन पहले ही पार्टी से इस्तीफा दिया और बीते रविवार को समाजवादी पार्टी की लाल टोपी पहन ली। नसीमुद्दीन सिद्धीकी जब से समाजवादी पार्टी में आए हैं, कई तरह की चर्चाएं जोर पकड़ चुकी हैं। कहा जा रहा है कि सपा नसीमुद्दीन को आजम खान के रिप्लेसमेंट के तौर पर इस्तेमाल करने की कोशिश करेगी। फिलहाल अखिलेश यादव के अगल–बगल बैठने वालों में एक भी मजबूत मुस्लिम चेहरा नहीं है। ऐसे में नसीमुद्दीन के सपा में आने से इसकी चर्चा शुरू हो गई है। हालांकि यह बड़ा सवाल है कि क्या नसीमुद्दीन सिद्धीकी आजम खान का विकल्प बन पाएंगे। वर्तमान परिस्थितियों में ऐसा मुमकिन नहीं लगता है। नसीमुद्दीन सिद्धीकी को भले ही सपा में मुसलमानों को लामबंद करने की ड्यूटी में लगाया जाए लेकिन आजम खान का मिजाज, तेवर और स्वीकार्यता शायद ही आ पाए। आजम खान सपा के फाउंडर मेम्बर हैं और मुलायम सिंह यादव से उनका बेहतरीन तालमेल था। एक शानदार वक्ता के रूप में लोगों को प्रभावित करने की क्षमता जैसी आजम खान में है, वैसी नसीमुद्दीन सिद्दीकी में नजर नहीं आती है। बसपा में सत्ता का अद्भुत स्वाद चख चुके नसीमुद्दीन सिद्धीकी विवादों के बीच बसपा से निकाले गए। कांग्रेस आने पर भी माना गया कि वो कांग्रेस से बिखर चुके मुस्लिम वोटों को साथ लाकर खड़ा कर देंगे, लेकिन ऐसा नहीं कर सके. यही कारण है कि उन्होंने अपनी खो रही साख को वापस पाने की कोशिश में एक और दांव चलने का फैसला किया। नसीमुद्दीन जो हैं, वो बसपा की वजह से हैं। ऐसे में बसपा के खिलाफ खुलकर बोलने से उन्हें नुकसान हो सकता है। वहीं कांग्रेस का सपा से गठबंधन है, तो वो बहुत ज्यादा कांग्रेस की बुराई नहीं कर पाएंगे। ऐसे में ले देकर वे भाजपा पर निशाना साधेगें, जो उनकी राजनीति के हिसाब से मुफीद है। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में अभी एक साल का वक्त बचा है। ओवैसी की पार्टी ने 403 में से आधी सीटों पर प्रत्याशी उतारने की घोषणा कर दी है। मायावती लंबे समय से मुसलमानों को साथ लाने की कवायद में जुटी हैं। कांग्रेस भी मुसलमानों से साथ आने का आग्रह करती दिखाई देती है। रही सही कसर भाजपा ने पसमांदा मुसलमानों के नाम पर मुस्लिम वोटों को जोड़ने की कोशिश करके पूरी कर दी है। ऐसे में सपा को पता है कि अगर थोड़ी सी भी चूक हुई तो 18–20 फीसदी मुस्लिम वोटों में बिखराव हो सकता है, अगर ऐसा हुआ तो किसी को फायदा हो या ना हो, सपा को नुकसान जरूर हो जाएगा।

# पंजाब में कांग्रेस की गुटबाज़ी उसका पुराना रोग


फरीद वारसी

पंजाब की राजनीति में एक बार फिर कांग्रेस की दलित–विरोधी सोच खुलकर सामने आ गई है। कांग्रेस नेताओं के लगातार आ रहे बयानों और टिप्पणियों ने यह साफ कर दिया है कि दलित समाज के प्रति कांग्रेस की मानसिकता आज भी अपमानजनक और असंवेदनशील बनी हुई है। इसी मुद्दे पर आम आदमी पार्टी ने कड़ा रुख अपनाते हुए कांग्रेस को सीधे तौर पर कटघरे में खड़ा कर दिया है। पंजाब के वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने कड़ा ऐतराज जताते हुए कहा कि दलितों का अपमान करना कांग्रेस की आदत बन चुकी है। वहीं इन सबके बीच एआईसीसी के पंजाब प्रभारी भूपेश बघेल की संगठनात्मक निगरानी में पंजाब कांग्रेस अधिक समन्वय और एकजुटता की ओर बढ़ती दिख रही है। नेता प्रतिपक्ष प्रताप सिंह बाजवा विभिन्न गुटों के बीच संवाद को आसान बनाने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। बाजवा द्वारा बीती रात आयोजित डिनर को राजनीतिक पर्यवेक्षक एक महत्वपूर्ण सियासी घटनाक्रम के तौर पर देख रहे हैं, जो 2027 विधानसभा चुनाव से पहले पार्टी द्वारा एकता और संगठनात्मक तत्परता प्रदर्शित करने के प्रयासों का संकेत देता है। बीते कई वर्षों से पंजाब कांग्रेस आंतरिक गुटबाजी और प्रतिस्पर्धी नेतृत्व केंद्रों से घिरी रही है, जिसने उसे एक संगठित विपक्ष के रूप में कार्य करने की क्षमता को प्रभावित किया है। साल 2022 के विधानसभा चुनाव के बाद ये





विभाजन संगठनात्मक ढिलाई का कारण बने। हालांकि हालिया आउटरीच पहल यह दर्शाती है कि वरिष्ठ नेतृत्व राज्य इकाई के भीतर विभिन्न समूहों के बीच आंतरिक समीकरणों को फिर से संतुलित करने और बेहतर समन्वय बढ़ाने का प्रयास कर रहा है। इस बैठक में पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग सहित संगठन के विभिन्न धड़ों के कई सीनियर नेता शामिल हुए। अलगध्अलग कैंप से जुड़े नेताओं की मौजूदगी यह संकेत देती है कि पहले के मतभेदों से आगे बढ़ते हुए संरचित राजनीतिक संवाद के लिए जगह बनाई जा रही है। यह सिर्फ एक सामाजिक मिलन नहीं था, बल्कि उन नेताओं के बीच अनौपचारिक बातचीत का मंच भी बना। पंजाब कांग्रेस के लिए एक राजनीतिक रूप से अहम राज्य बना हुआ है और यहां संगठनात्मक ताकत का पुनर्निर्माण पार्टी की व्यापक पुनरुत्थान रणनीति का केंद्र है। इसी संदर्भ में, आंतरिक एकजुटता बढ़ाने और वरिष्ठ नेतृत्व व जिलाध्स्तरीय पदाधिकारियों के बीच संचार बेहतर करने के प्रयासों को आवश्यक तैयारी कदमों के रूप में देखा जा रहा है। यह पहल केंद्रीय नेतृत्व के उस जोर के अनुरूप है जिसमें सामूहिक कार्यप्रणाली के ज़रिए राज्य इकाइयों को मज़बूत करने और गुटीय घटाने की बात है। राजनीतिक पर्यवेक्षकों का मानना है कि ऐसे विश्वासधनिर्माण अभ्यास पार्टी कार्यकर्ताओं पर स्थिरकारी प्रभाव डाल सकते हैं, जिनमें से कई नेतृत्व से एकजुटता के स्पष्ट संकेत चाह रहे थे। वरिष्ठ नेताओं के बीच दिखाई देने वाली यह सक्रिय भागीदारी संगठनात्मक मनोबल को मज़बूत कर सकती है और जमीनी स्तर पर समन्वय बेहतर कर सकती है। खासतौर पर जब पार्टी भविष्य के चुनावी मुकाबलों की तैयारी कर रही हो। बैठक बुलाने में बाजवा की भूमिका पंजाब कांग्रेस में उनके प्रमुख संगठनात्मक कद को रेखांकित करती है। विभिन्न नेताओं के बीच संवाद को बढ़ावा देकर और सहयोगात्मक .ष्टिकोण का उत्साहवर्धन करके, उन्होंने सामूहिक निर्णयधनिर्माण के अनुकूल माहौल गढ़ने में योगदान दिया है। यदि ये कोशिशें निरंतर जारी रहीं, तो पार्टी आंतरिक प्रतिस्पर्धा के दौर से आगे बढ़कर रणनीतिक चुनावी तैयारी पर फोकस कर सकती है।

# क्या 2027 में भी आम आदमी पार्टी पर पंजाबियों को भरोसा रहेगा?

इकबाल सिंह चन्नी

2022 के विधानसभा चुनाव में पंजाबियों ने आम आदमी पार्टी (आप) के नेतृत्व पर बहुत भरोसा जताया और उसके उम्मीदवारों को रिकॉर्ड संख्या में जिताया। पंजाब के चुनावी इतिहास में यह पहली बार हुआ, जब एक ही पार्टी के 92 उम्मीदवार, वह भी ऐसी पार्टी, जिसकी लीडरशिप को किसी भी तरह से परखा नहीं गया था, जीत कर विधायक बने। इस तरह पंजाब में 'आप' की सरकार बनी और लोगों को उम्मीद होने लगी कि जल्द ही उनकी परेशानियां हल हो जाएंगी और 'आप' की गारंटी पूरी होने से उनकी जिंदगी आरामदायक हो जाएगी।क्योंकि 'आप' के मुखिया अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने 22 के चुनाव से पहले पंजाब के लोगों को कई गारंटियां दीं और कई वादे किए थे। 'आप' सरकार ने जल्द ही लोगों को 300 यूनिट फ्री बिजली देने का अपना वादा पूरा किया और दावा किया कि 'आप' सरकार की वजह से पंजाब के 80 प्रतिशत लोगों का बिजली बिल जीरो हो गया है। लेकिन बाकी गारंटियां और वादे, जिसमें महिलाओं को 1000 रुपए प्रति महीना देना, बेअदबी के मामलों में 24 घंटे में इंसाफ, 3 महीने में नशा खत्म करना, वी.आई.पी. कल्चर खत्म करना, भ्रष्टाचार खत्म करके सरकारी खजाने में सालाना 34,000 करोड़ रुपए जमा करना, रेत माफिया को खत्म करके 20,00 करोड़ रुपए तथा शराब पॉलिसी के जरिए 20,000 करोड़ रुपए सरकारी खजाने में जमा करके पंजाब की आर्थिक हालत सुधार कर पंजाब को कर्ज के जाल से बाहर निकालना, सेहत और शिक्षा व्यवस्था को नंबर 1 पर लाना, कानून व्यवस्था सुधारने और पंजाब में बड़े पैमाने पर उद्योग लगाकर युवाओं के लिए रोजगार के मौके पैदा करने और विदेश जाने की जरूरत खत्म करने जैसे वादे किए गए थे। भगवंत मान सरकार इनमें से ज्यादातर गारंटियां और वादे पूरे करने में नाकाम रही, हालांकि युवाओं को सरकारी नौकरियां देने में काफी हद तक सफल रही लेकिन विपक्ष यह भी सवाल उठाता है कि सरकार यह क्यों नहीं बताती कि इन 4 सालों में कितने कर्मचारी रिटायर हुए हैं। सरकार के ये आंकड़े जारी न करने की वजह से विपक्ष का दावा है कि रिटायरमैंट दर 5 से 9 प्रतिशत है और आरोप है कि 'आप' सरकार ने उतने युवाओं को नौकरी नहीं दी, जितने रिटायर हुए हैं। इन्हीं वजहों से 2 साल बाद, 2024 के लोकसभा चुनाव के दौरान 'आप' को 22 के मुकाबले बहुत कम रिस्पॉन्स मिला। इन चुनावों में 'आप' का वोट शेयर 41 से घटकर करीब 26 प्रतिशत रह गया और पार्टी के सिर्फ 3 उम्मीदवार ही जीत पाए, जबकि 'आप' के 2 उम्मीदवार आजाद के तौर पर चुनाव जीतने में कामयाब रहे। इसके अलावा, कुछ ही महीने बाद 2022 में भगवंत सिंह मान अपने ही चुनाव क्षेत्र से आजाद उम्मीदवार सिमरनजीत सिंह मान से हार गए। इन चुनावों के नतीजों से सीख लेकर 'आप' ने आत्ममंथन शुरू किया और पार्टी के काम करने के तरीकों में भी बदलाव किए। उसने कई तरह के कैंपेन भी चलाए। इनमें पंजाब को एक मॉडल राज्य के तौर पर पेश करना, रैवेन्यू डिपार्टमैंट पर शिकंजा कसना, बुलडोजर चलाना, महिलाओं को 1000 रुपए समेत बाकी गारंटियां और वादे पूरे करने का भरोसा दिलाना, पार्टी में अनुशासन लाना और अब ड्रग्स के खिलाफ मुहिम के अलावा और भी कई कोशिशें की जा रही हैं। हालांकि इसी भरोसे की वजह से पार्टी को पिछले दिनों हुए उपचुनाव और स्थानीय चुनावों में कामयाबी मिली लेकिन इन जीतों को विधानसभा चुनाव जीतने की गारंटी नहीं माना जा सकता, क्योंकि अगर पंजाब के पिछले राजनीतिक इतिहास पर नजर डालें तो यह साफ हो जाता है कि पंजाब के लोग भरोसा करने में तो माहिर होते हैं लेकिन जब उनके भरोसे पर थोड़ी–सी भी चोट लगती है, तो वे भरोसा छोड़ भी देते हैं, जिसके 2 हालिया उदाहरण हमारे सामने हैं। पहला, अकाली–भाजपा सरकार का बदलना। हालांकि पंजाबियों को अकाली–भाजपा सरकार के किए गए विकास से कोई एतराज नहीं था लेकिन धार्मिक मामलों में की गई गलतियों और ड्रग्स नियंत्रण के मुद्दे पर पंजाबियों का विरोध झेलना पड़ा, जिसकी वजह से अकाली दल और भाजपा को बड़ी हार का सामना करना पड़ा। इसी तरह, कांग्रेस सरकार, जो ड्रग्स खत्म करने, किसानों का कर्ज माफ करने और विकास के वादे की वजह से सरकार बनाने में कामयाब हुई थी, उसे भी पंजाबियों ने 2022 में बाहर कर दिया। लेकिन 'आप' की सरकार इन तीनों पार्टियों से ज्यादा और बड़े वादे करके आगे आई थी। अब पंजाबी फिर से सोचने लगे हैं कि किस पार्टी ने पंजाबियों से किए वादे पूरे किए। इसलिए, अब 'आप' पर दी गई गारंटियों और वादे पूरे करने का बोझ दिन–ब–दिन बढ़ता जा रहा है। अगर पंजाबियों की सोच ऐसी ही रही और 'आप' गारंटियां और वादे पूरे नहीं करती, तो पंजाबियों की सोच 'आप' के लिए चुनौती बन सकती है और पार्टी के लिए 27 के विधानसभा चुनाव में पंजाबियों का 22 वाला भरोसा हासिल करना मुश्किल हो जाएगा।

# जन आंदोलन से छिटपुट विरोध तक, ट्रेड यूनियनवाद का बदलता चेहरा

कमल मदीशेट्टी

12 फरवरी को केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के संयुक्त मंच द्वारा बुलाया गया 'भारत बंद' संगठित श्रम की स्थायी ताकत को प्रदर्शित करने के उद्देश्य से एक राष्ट्रव्यापी बंद के रूप में प्रस्तुत किया गया था। वास्तव में, इस दिन ने यह दिखाया कि राष्ट्रीय प्रभाव कितना कम हो गया है। यूनियन नेताओं ने बड़े पैमाने पर भागीदारी का दावा किया, लेकिन कई राज्यों से रिपोर्टों में अधिकांश शहरों में सामान्य व्यावसायिक गतिविधि, कई क्षेत्रों में सार्वजनिक परिवहन का संचालन और केवल छिटपुट औद्योगिक व्यवध ाानों का वर्णन किया गया। कुछ ही इलाकों को छोड़कर, जहां यूनियनों के घने राजनीतिक और संस्थागत नैटवर्क हैं, दैनिक जीवन सामान्य रूप से चलता रहा। यह परिणाम कुछ गहरा दर्शाता है रू भारत का श्रम बाजार लंबे समय से अनौपचारिकता से आकार लेता रहा है और यह पैटर्न आज भी मजबूती से बना हुआ है। कामगारों का बहुत बड़ा हिस्सा, लगभग 85–90 प्रतिशत, अनौपचारिक रोजगार व्यवस्था में बना हुआ है, जिसमें औपचारिक फैक्टरी नौकरियों से जुड़ी सुरक्षा और दीर्घकालिक स्थिरता नहीं है। साथ ही, हाल के श्रम बल सर्वेक्षण दिखाते हैं कि अधिकांश रोजगार प्राप्त व्यक्ति स्व–रोजगार वाले हैं, न कि नियमित वेतनभोगी, जो पारंपरिक यूनियनकृ त कार्यबल की सीमितता को रेखांकित करता है। काम के सबसे तेजी से बढ़ते क्षेत्र सेवाओं, छोटे उद्यमों, ठेका व्यवस्थाओं और प्लेटफॉर्म–आधारित गिग रोजगार में हैं। ऐसे परिदृश्य में, पारंपरिक यूनियन मॉडल, जो बड़े कार्यस्थलों और दीर्घकालिक सामूहिक सौदेबाजी पर आधारित है, कार्यबल के केवल सीमित हिस्से को छूता है। सामान्य नागरिकों के लिए, ऐसी हड़तालें अक्सर एकजुटता की बजाय असुविधा और आर्थिक नुकसान में बदल जाती हैं। यात्रियों को अनिश्चितता का सामना करना पड़ता है, छोटे व्यवसाय एक दिन की कमाई खो देते हैं और आवश्यक सेवाएं विलंबित हो जाती हैं। दैनिक मजदूरों और ठेका कामगारों के लिए भागीदारी का मतलब आय खोना होता है। अस्पताल, परीक्षाएं और नियमित लेनदेन बाधित हो जाते हैं। बंद, जो कभी लोकतांत्रिक जुटाव का नाटकीय साधन माना जाता था, अब रोजमर्रा के जीवन में थोपी गई रुकावट के रूप में अधिक देखा जाता है। यूनियनों और व्यापक जनता के बीच बढ़ती खाई के कई कारक हैं। रोजगार संरचनाएं यूनियन रणनीतियों से कहीं अधिक तेजी से विकसित हुई हैं। अनौपचारिक और गिग कामगार पारंपरिक संगठन ढांचों में आसानी से फिट नहीं होते। यूनियन नेतृत्व अक्सर विरासती क्षेत्रों और सार्वजनिक उद्यमों में केंद्रित रहता है, जहां संस्थागत लाभ मजबूत है लेकिन प्रतिनिधित्व की चौड़ाई संकरी है। हड़ताल की मांगें अक्सर सुधारों का विरोध या निजीकरण का विरोध करने पर केंद्रित होती हैं, बिना वित्तीय रूप से व्यवहार्य या प्रशासनिक रूप से विश्वसनीय विकल्पों के। यह प्रतिक्रियावादी रुख बदलाव के प्रतिरोध का आभास दे सकता है बजाय रचनात्मक जुड़ाव के। वैश्विक व्यापार पर्यावरण तेजी से तनावपूर्ण हो रहा है, संरक्षणवादी प्रवृत्तियां फिर से उभर रही हैं और आपूर्ति शृंखलाएं पुनर्गठित हो रही हैं। फिर भी भारत ने मुक्त व्यापार समझौतों की एक शृंखला पूरी की है और खुद को विनिर्माण और सेवाओं के लिए तेजी से विश्वसनीय भागीदार के रूप में स्थापित किया है। जब सीमा–पार वाणिज्य अधिक अनिश्चित हो रहा है, भारत की नई व्यापार सांझेदारियां हासिल करने की क्षमता अवसर और जिम्मेदारी दोनों दर्शाती है। देश इस औद्योगिक मोड़ पर चूक नहीं सकता, चीन को 3 दशक पहले इसी तरह का अवसर पकड़कर विश्व का कारखाना बनते देखने के बाद, निरंतर सुधारों और वैश्विक एकीकरण के माध्यम से। जैसे–जैसे भारत मेक इन इंडिया जैसी पहल आगे बढ़ाता है और वैश्विक मूल्य शृंखलाओं में गहरी एकीकरण की तलाश करता है, कामगार कल्याण, कौशल, उत्पादकता और सामाजिक सुरक्षा के प्रश्न और अधिक केंद्रीय हो जाते हैं। लेकिन एक आधुनिक, वैश्विक रूप से जुड़ी अर्थव्यवस्था में वैधता गतिविधि रोकने की क्षमता पर कम और सुधारों को जिम्मेदारी से आकार देने की क्षमता पर अधिक निर्भर करती है। ट्रेड यूनियनों को अपनी नैतिक सत्ता मजबूत करने के लिए आध्थक उदारीकरण से विस्तृत प्रस्तावों के साथ जुडना चाहिए, कौशल विकास, लाभों की पोर्टेबिलिटी, कार्यस्थल सुरक्षा और विवाद समाधान पर, बजाय अधिकतमवादी बंदों पर निर्भर रहने के। ट्रेड यूनियनों के सामने रणनीतिक विकल्प है। वे पुनर्मूल्यांकन कर सकते हैं, आगे देखने वाली मुद्रा अपना सकते हैं और राष्ट्रीय विकास में भागीदार बन सकते हैं, कामगार गरिमा की रक्षा करते हुए। या वे सिकुड़ते समूहों को जुटाने वाले प्रतीकात्मक बंदों के साथ जारी रह सकते हैं। पूर्ववर्ती मार्ग ही कामगार कल्याण को भारत के आर्थिक पुनरुत्थान के साथ संरेखित करता है। और भारत की आर्थिक यात्रा के इस मोड़ पर, वह संरेखण वैकल्पिक नहीं, आवश्यक है।

# शारदा सहायक नहर में बहता मिला अज्ञात महिला का शव, इलाके में फैली सनसनी

न्यूज वाणी ब्यूरो
लहरपुर–सीतापुर। जनपद के लहरपुर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम महजिदिया के पास उस समय हड़कंप मच गया, जब शुक्रवार दोपहर शारदा सहायक नहर के तेज बहाव में एक अज्ञात महिला का शव बहता हुआ देखा गया। शव मिलने की खबर जंगल में आग की तरह फैल गई और देखते ही देखते नहर के किनारे ग्रामीणों का भारी हुजूम उमड़ पड़ा। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल, लोगों में दहशत प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, शुक्रवार दोपहर कुछ स्थानीय लोग नहर की बाईं पटरी पर मौजूद थे, तभी उनकी नजर पानी में बह रहे एक शव पर पड़ी। मृतका की उम्र लगभग 35 वर्ष बताई जा रही है। नहर की तेज धारा के साथ शव बिसवां की दिशा में बहता जा रहा था। इस दौरान कुछ लोगों ने घटना का वीडियो बना लिया, जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इस मंजर को देखकर इलाके के लोगों में दहशत और अफरा–तफरी का माहौल है।



# अविनाश कुमार ने विभागों का आकस्मिक निरीक्षण किया, कर्मचारियों को स्पष्टीकरण का नोटिस

न्यूज वाणी ब्यूरो
गाजीपुर 20 फरवरी, 2026 (सू0वि0)– जिलाधिकारी अविनाश कुमार ने आज जनपद मुख्यालय स्थित जिला पूर्ति विभाग, जिला खाद्य विपणन कार्यालय एवं जिला पिछडावर्ग कल्याण विभाग कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होने कार्यालयों के विभिन्न पटलो का जायजा लिया। इस दौरान उन्होने कार्यालयो मे खाद्यान्न, पर्वतन, आपूर्ति, अनुश्रवण कक्ष, अधिष्ठान, लेखा अनुभाग एवं राशन कार्ड अनुभाग व अन्य पटलो जॉच की। निरीक्षण के दौरान कार्यालयों मे फाईलो का रख रखाव बेतरतीव ढंग से होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए फाईलो का रख रखाव सुव्यवस्थित ढंग से करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही उन्होने तीनों कार्यालयो के कर्मचारियो के सर्विस बुक, भविष्य निधि पास बुक, अर्जित अवकाश, आकस्मिक अवकाश की फाईलो की गहनता से जॉच की , इस दौरान विभिन्न फाईलो में कई कमियां प्रदर्शित हुई जिस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए रामा सिंह यादव पूर्ति लिपिक को स्पष्टिकरण एंव वेतन रोकने, प्रहलाद चन्द विपणन सहायक का वेतन रोकने एवं स्पष्टिकरण एवं जिला पिछडावर्ग कल्याण विभाग के लिपिक अनुभव श्रीवास्तव को स्पष्टिकरण का निर्देश दिया । मौके पर जिला पूर्ति अधिकारी अनन्त सिंह ,तहसीलदार सदर राजीव यादव, नायब तहसीलदार विजय कान्त,, जिला पिछड़ावर्ग कल्याण अधिकारी गिरजा शंकर सिंह, व अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।



# घोसी के पूर्व बसपा सांसद श्री अतुल राय के 44 वा जन्मदिन मनाया गया

न्यूज वाणी ब्यूरो /मऊ । आज मऊ जनपद में जिला अस्पताल में ब्लड बैंक में घोसी लोकसभा के पूर्व बसपा सांसद श्री अतुल राय का 44वा जन्मदिन मनाया गया। अतुल राय के 44वें जन्मदिन के अवसर पर मऊ जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में उनके समर्थकों द्वारा लगभग 150 यूनिट रक्तदान किया गया। यह रक्तदान पूर्वांचल के कई जिलों में आयोजित किया गया, जिसमें कार्यकर्ताओं और समर्थकों मेंखासा उत्साह देखने को मिला। अस्पताल के ब्लड बैंक में सुबह से ही लोगों की भीड़ रही और बड़ी संख्या में समर्थकों ने लाइन में लगकर रक्तदान किया। बसपा सांसद श्री अतुल राय जी के 44वे जन्मदिन पर उनके समर्थकों ने कम से कम 50 से 60 तक लोगों ने रक्तदान शिविर में शामिल होकर रक्तदान करने पहुंचे। उनके समर्थकों ने कहा कि जब तक जीएंगे तब तक अतुल राय जी के लिए जीते मरते रहेंगे। उन लोगों ने बताया कि सांसद श्री अतुल राय जी के जन्मदिन पर जब जब ब्लड की रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा तब तब हम सभी लोग उनके लिए रक्तदान करने में पीछे नहीं हटेंगे। सांसद प्रतिनिधि गोपाल राय ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी जन्मदिन के अवसर पर केक काटने की बजाय रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, ताकि जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराया जा सके। उन्होंने कहा कि इस पहल का उद्देश्य समाज सेवा और मानवता की मदद करना है।





## होली विशेष रेलगाड़ियों का संचालन

भारतीय रेल द्वारा अपने सम्मानित रेल यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए होली विशेष रेलगाड़ियों के संचालन का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नवत् है:-

**गाड़ी सं. 01073/01074 बनारस-लोकमान्य तिलक (ट.) (द्वि-साप्ताहिक) विशेष रेलगाड़ी**

| 01073 बनारस-लोकमान्य तिलक (ट.) | | | 01074 लोकमान्य तिलक (ट.)-बनारस | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 12:15 | लोकमान्य तिलक (ट.) | 16:40 | -- |
| 10:25 | 10:30 | वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी | 17:25 | 17:30 |
| 11:58 | 12:00 | उरई | 15:20 | 15:22 |
| 14:40 | 14:45 | गोविंदपुरी | 13:30 | 13:35 |
| 16:18 | 16:20 | फतेहपुर | 11:58 | 12:00 |
| 17:50 | 17:55 | सूबेदारगंज | 09:40 | 09:45 |
| 23:30 | -- | बनारस | -- | 05:45 |

**लोकमान्य तिलक से-** गाड़ी सं. **01073** (बुधवार, गुरूवार) दिनांक- **04.03.2026, 05.03.2026** तथा **बनारस से-** गाड़ी सं. **01074** (शुक्रवार, शनिवार) दिनांक- **06.03.2026** एवं **07.03.2026** **संरचनाः** स्लीपर श्रेणी-09, वाता. द्वितीय श्रेणी-01, सामान्य श्रेणी-04, वाता. तृतीय श्रेणी-06

**गाड़ी सं. 01481/01482 पुणे-दानापुर (द्वि-साप्ताहिक) विशेष रेलगाड़ी**

| 01481 पुणे-दानापुर | | | 01482 दानापुर-पुणे | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 19:55 | पुणे | 18:15 | -- |
| 21:30 | 21:32 | मानिकपुर | 19:30 | 19:32 |
| 00:30 | 00:35 | प्रयागराज छिवकी | 16:25 | 16:30 |
| 08:00 | -- | दानापुर | -- | 10:00 |

**पुणे से-** गाड़ी सं. **01481** (सोमवार, शुक्रवार) दिनांक- **02.03.2026** एवं **06.03.2026** तथा **दानापुर से-** गाड़ी सं. **01482** (बुधवार, रविवार) दिनांक- **04.03.2026** एवं **08.03.2026** **संरचनाः** स्लीपर श्रेणी-06, वाता. द्वितीय श्रेणी-01, वाता. तृतीय श्रेणी-05, सामान्य श्रेणी-04

नोट : ट्रेनों की समय-सारणी के सम्बंधित जानकारी हेतु हेल्पलाइन 139 या Rail madad Mobile App या वेबसाइट railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।

उत्तर मध्य रेलवे

@CPRONCR | North central railways | www.ncr.indianrailways.gov.in | 393/26 FA


# धमाके की गूँज और दौड़ती टीमें- बम की धमकी के बीच सीतापुर कोर्ट में 'ऑपरेशन सुरक्षा'

न्यूज वाणी ब्यूरो
सीतापुर। उत्तर प्रदेश के विभिन्न न्यायालयों को बम से उड़ाने की धमकियों के बीच प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। इसी कड़ी में आज सीतापुर जिला न्यायालय परिसर उस समय छावनी में तब्दील हो गया, जब रिकॉर्ड रूम के पास बम धमाके की सूचना मिली। हालांकि, कुछ ही देर बाद पता चला कि यह कोई वास्तविक हमला नहीं, बल्कि सुरक्षा तैयारियों को परखने के लिए की गई एक मॉकड्रिल थी। एक्शन मोड में दिखीं सुरक्षा एजेंसियां मॉकड्रिल के दौरान कोर्ट परिसर के रिकॉर्ड रूम के बाहर बम ब्लास्ट का एक काल्पनिक परिश्य (बमदंतपव) तैयार किया गया। धमाके की खबर मिलते ही पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया। पलक झपकते ही डॉग स्क्वायड, फायर ब्रिगेड और भारी पुलिस बल ने पूरे इलाके को अपनी घेराबंदी में ले लिया। सघन चेकिंगरू डॉग स्क्वायड ने चप्पे–चप्पे को खंगाला और संदिग्ध वस्तुओं की जांच की। फायर फाइटिंगरू फायर ब्रिगेड की टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर .त्रिम आग पर काबू पाया। रेस्क्यू ऑपरेशनरू मलबे और धुएं के बीच फंसे एक श्घायलश व्यक्ति को स्ट्रेचर के जरिए सुरक्षित बाहर निकाला गया और एंबुलेंस से अस्पताल भेजा गया। रिस्पॉन्स टाइम पर रहा फोकस मौके पर मौजूद सीओ सिटी विनायक भोसले ने बताया कि इस अभ्यास का मुख्य उद्देश्य आपातकालीन स्थिति में विभिन्न विभागों के बीच तालमेल (बववत. कपदंजपवद) और रिस्पॉन्स टाइम को चेक करना था। अधिकारियों ने बारीकी से नोट किया कि सूचना मिलने के कितने मिनट के भीतर टीमें सक्रिय हुईं और राहत कार्य शुरू हुआ। षभविष्य में आने वाली किसी भी वास्तविक चुनौती से निपटने के लिए हमारी टीमें पूरी तरह मुस्तैद हैं। ऐसी मॉकड्रिल से कमियों को पहचानने और उन्हें सुधारने में मदद मिलती है।ष . विनायक भोसले, सीओ सिटी अफवाहों से बचें, सतर्क रहें प्रशासन ने आम नागरिकोंऔर वकीलों से अपील की है कि वे सोशल मीडिया पर फैलने वाली बम की धमकियों या अफवाहों से न डरें। किसी भी संदिग्ध गतिविधि या लावारिस वस्तु दिखने पर तुरंत पुलिस को सूचना दें। इस सफल रिहर्सल ने संदेश दे दिया है कि सीतापुर की सुरक्षा व्यवस्था अभेद्य है।



# गाजीपुर में मेगा ऋण शिविरः 225 करोड़ का वितरण, युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ा

न्यूज वाणी ब्यूरो
गाजीपुर 20 फरवरी, 2026 (सू0वि0)– मेगा ऋण शिविर का भव्य आयोजन आडिटोरियम हाल में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि मा0 राज्य सभा सांसद डॉ0 संगीता बलवन्त एवं विशिष्ट अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष सरिता अग्रवाल, द्वारा प्रदर्शनीध्मेला का अवलोकन के उपरान्त दीप प्रज्ज्वलन कर कर किया गया। मेगा ऋण शिविर मे पूर्व अध्यक्ष विनोद अग्रवाल, जिलाधिकारी अविनाश कुमार, मुख्य विकास अधिकारी संतोष कुमार वैश्य, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के क्षेत्र प्रमुख पश्चिम संजय कुमार सिन्हा और क्षेत्र प्रमुख पूर्व मुकेश रमन, अग्रणी जिला प्रबन्धक राजदेव कुमार एवं सभी बैंक समन्वयक तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर विभिन्न बैंकों एवं वित्तीय संस्थानों द्वारा प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (च्डम्ळच ), मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, मुद्रा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड (ज्ञब्ब ), स्वयं सहायता समूह ऋण, यूनियन बैठक ऑफ इण्डिया, स्टेट बैंक आफ इडिया, इलाहाबाद बैक, उद्यमी एवं उद्योग विभाग, का स्टाल के माध्यम से प्रदर्शनीध्मेला लगाया गया तथा अन्य स्वरोजगार योजनाओं के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को ऋण स्वी.ति पत्र वितरित किए गए। मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद, गाजीपुर संगीता बलवंत ने जनपद के ऋण की अपेक्षित वृद्धि के लिए बैंको की सराहना की, उन्होने 2047 तक के विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा करने के लिए बैंको की सहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वान किया साथ ही उन्होने उपस्थित उद्यमियो, लाभार्थियों एवं जनमानस से अपील की की 2047 के विकसित भारत के सपने को पूर्ण करने के लिए अपना योगदान दे। उन्होने कहा कि कहा कि शासन की मंशा है कि अधिक से अधिक युवाओं को स्वरोजगार से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाया जाए। उन्होंने बैंक अधिकारियों को निर्देशित किया कि पात्र आवेदकों के प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उद्यमी जो विकसित भारत में गाजीपुर के आर्थिक विकास को गति प्रदान करके अपना महत्वपूर्ण योगदान निभाने वाले है ऐसे हमारे गाजीपुर के देवतुल्य नागरीकगण है। ऋण वितरण का यह कार्यक्रम आयोजित होने पर नये उद्यमी तैयार करने ऋण वितरण का कार्यक्रम नही बल्कि यह एक ऐसा कार्यक्रम है जिसमें स्थानीय स्तर पर किस तरह आर्थिक शक्ति को मजबूत करे, उद्यमिता को मजबूत करे उसके लिए बहुत प्रभावशाली माध्यम है। विशिष्ठ अतिथि सरित अग्रवाल द्वारा अपने उपबोधन में कहा कि इस प्रकार के मेगा ऋण शिविरों से आमजन को एक ही स्थान पर विभिन्न योजनाओं की जानकारी एवं लाभ प्राप्त हो रहा है। उन्होंने लाभार्थियों से अपील की कि वे ऋण का सदुपयोग कर अपने व्यवसाय को आगे बढ़ाएं और समय से ऋण अदायगी सुनिश्चित करें। जिला अग्रणी प्रबन्धक द्वारा बताया गया कि शिविर मे विभिन्न शासकीय योजनाओ मुख्य रूप से सीएम युवा उद्यमी योजना, ओडीओपी, पीएम स्वनिधि, एमवाईएसवाई, पीएम सूर्यघर एवं बैंको द्वारा संचालित विभिन्न एमएसएमई, रीटेल, एवं एग्रिकल्चर इसकीम के तहत 01.02.2026 से 20.02.2026 तक स्वी.त करीब 225 करोड़ के ऋण का वितरण किया गया। लाभार्थियो को मंचाशीन अतिथियो द्वारा स्वी.ति पत्र एवं डेमो चेक का वितरण किया गया। शिविर में जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए उद्यमियों, किसानों, महिलाओं एवं युवाओं ने बढ़–चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम में विभिन्न बैंकों के शाखा प्रबंधक, संबंधित विभागों के अधिकारी एवं बड़ी संख्या में लाभार्थी उपस्थित रहे।

# जवाहरपुर शुगर यूनिट में वृहद किसान गोष्ठी का आयोजन

## -बसंतकालीन गन्ना बुवाई, उन्नत प्रजातियों और अधिक उत्पादन पर दिया गया जोर

न्यूज वाणी ब्यूरो
रामकोट सीतापुर(ब्यूरो)। डालमिया भारत शुगर एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड की शुगर यूनिट–जवाहरपुर द्वारा बुधवार को एक वृहद किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी का मुख्य उद्देश्य बसंतकालीन गन्ना बुवाई के लिए किसानों को प्रेरित करना, उन्नतशील गन्ना प्रजातियों की जानकारी देना तथा आधुनिक खेती पद्धतियों के माध्यम से गन्ना उत्पादन बढ़ाने के प्रति जागरूक करना रहा। गोष्ठी में क्षेत्र के सैकड़ों किसान भाइयों ने सहभाग किया। कार्यक्रम के दौरान गन्ना बुवाई, पेड़ी प्रबंधन, ट्रेंच प्लांटिंग सहित आधुनिक .षि तकनीकों एवं नवीन .षि यंत्रों का प्रदर्शन किया गया। शाहजहांपुर शोध केंद्र से आए वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. कपिल एवं डॉ. सुजीत कुमार ने किसानों को वैज्ञानिक दृष्टिकोण से गन्ने की खेती की जानकारी दी। डॉ. कपिल ने चरणबद्ध तरीके से उन्नत खेती अपनाकर अधिक उत्पादन प्राप्त करने के उपाय सरल भाषा में बताए, जबकि डॉ. सुजीत कुमार ने गन्ने में लगने वाले प्रमुख कीट व रोग तथा उनके प्रभावी नियंत्रण के तरीकों पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक, सीतापुर ने किसानों से अस्वी.त प्रजातियों की बुवाई न करने, समिति पर्ची के माध्यम से ही गन्ना आपूर्ति करने तथा बसंतकालीन बुवाई के लिए स्वयं का बीज सुरक्षित रखने की अपील की। इकाई प्रमुख कुलदीप कुमार ने किसानों से गुणवत्तापूर्ण गन्ना आपूर्ति का आह्वान करते हुए कहा कि किसान अपना समस्त गन्ना चीनी मिल को दें जिससे बेसिक कोटा बढ़ सके। उन्होंने भरोसा दिलाया कि मिल समय से गन्ना मूल्य भुगतान के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। महाप्रबंधक (गन्ना) आजाद सिंह ने जानकारी दी कि मिल द्वारा विभिन्न उन्नत प्रजातियों पर छ50 से छ100 प्रति कुंतल तक प्रोत्साहन राशि दी जा रही है। साथ ही ऑटोमैटिक ट्रेंच प्लांटर, पावर वीडर, पावर टिलर सहित अन्य .षि यंत्र 30 प्रतिशत अनुदान पर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। उन्होंने फरवरी.मार्च में ट्रेंच विधि से गन्ना बुवाई करने की सलाह दी। गोष्ठी का समापन किसानों के उत्साहपूर्ण सहभाग और सकारात्मक संदेश के साथ हुआ।




# राजशेखर मालिक बने थंडरबोल्ट T10 क्रिकेट लीग 2026 में तमिलनाडु टइटंस फ्रेंचाइजी टीम के कप्तान

न्यूज वाणी ब्यूरो
नानौता सहारनपुर। जनपद के होनहार क्रिकेट खिलाड़ी राजशेखर मलिक को इस वर्ष थंडरबोल्ट टी10 क्रिकेट लीग में तमिलनाडु टाइटंस फ्रेंचाइजी टीम का कप्तान नियुक्त किया गया है। उनकी इस उपलब्धि पर क्षेत्र में खुशी की लहर है। किसान सहकारी चीनी मिल के जीएम अंकित कुमार ने राजशेखर मलिक को मिठाई खिलाकर सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर सिविल इंजीनियर अनिल शर्मा ने बताया कि राजशेखर पिछले चार वर्षों से चीनी मिल में कार्यरत हैं और नौकरी के साथ–साथ लगातार क्रिकेट अभ्यास भी कर रहे हैं। राजशेखर मलिक इससे पहले वर्ष 2022–23 तक उत्तराखंड टी10 क्रिकेट एसोसिएशन की सीनियर टीम, वर्ष 2024–25 तक दिल्ली टी10 क्रिकेट एसोसिएशन की सीनियर टीम तथा वर्ष 2025–26 में अवध टी10 क्रिकेट एसोसिएशन की सीनियर टीम से खेल चुके हैं। अवध टीम के लिए वे कप्तान की जिम्मेदारी भी निभा चुके हैं। इसके अलावा उन्होंने इसी वर्ष लीजेंड लीग में अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों के साथ मैच खेलकर अपना अनुभव और मजबूत किया है। अपने शानदार प्रदर्शन और अनुभव के चलते ही तमिलनाडु टाइटंस फ्रेंचाइजी ने उन्हें थंडरबोल्ट टी10 क्रिकेट लीग 2026 में कप्तान के रूप में टीम से जोड़ा है। राजशेखर मलिक को टी10 स्पेशलिस्ट खिलाड़ी के रूप में भी जाना जाता है। राजशेखर मलिक ने बताया कि थंडरबोल्ट टी10 क्रिकेट लीग 2026 का आयोजन 10 मार्च 2026 से स्वर्गीय श्री पूरनचंद त्यागी क्रिकेट स्टेडियम, रुड़की (उत्तराखंड) में होगा और सभी मैच लाइव प्रसारित किए जाएंगे। उन्होंने अपनी इस सफलता का श्रेय श्री श्वेतांश धर और टी10 क्रिकेट एसोसिएशन (इंडिया) के महासचिव श्री राजीव यादव को दिया। इस मौके पर उनके पिता जोगिंदर सिंह मलिक, सौरभ बसल (सीए, चीनी मिल), अनिल शर्मा (सिविल इंजीनियर), भाई आशीष कुमार, योगेंद्र कुमार, रविंद्र सिंह (ठेकेदार) सहित परिवार और शुभचिंतकों ने एक–दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया।



# मुख्य विकास अधिकारी ने 'एक जनपद एक उत्पाद' प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया औचक निरीक्षण

## -स्थानीय शिल्पकारों को केवल हुनरमंद बनाना ही नहीं, बल्कि उन्हें स्वावलंबी उद्यमी के रूप में विकसित करना है।

न्यूज वाणी ब्यूरो
मऊ । मुख्य विकास अधिकारी विवेक कुमार श्रीवास्तव द्वारा श्एक जनपद एक उत्पादश (व्क्व्) योजना के अंतर्गत संचालित 10 दिवसीय कौशल एवं उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों से संवाद किया और कार्यक्रम की गुणवत्ता व व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मुख्य विकास अधिकारी ने प्रशिक्षण केंद्र में उपस्थित कारीगरों और उद्यमियों से उनके द्वारा सीखे जा रहे कौशल के बारे में जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिया कि प्रशिक्षण को केवल औपचारिकता न समझा जाए, बल्कि इसे आधुनिक बाजार की मांगों के अनुरूप बनाया जाए। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि इस 10 दिवसीय कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्थानीय शिल्पकारों को केवल हुनरमंद बनाना ही नहीं, बल्कि उन्हें स्वावलंबी उद्यमी के रूप में विकसित करना है। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रशिक्षण पूर्ण होने के बाद सभी पात्र प्रशिक्षणार्थियों को उच्च गुणवत्ता वाली उन्नत टूलकिट समय पर उपलब्ध कराई जाए, ताकि वे अपना स्वरोजगार तत्काल शुरू कर सकें। मुख्य विकास अधिकारी ने उपस्थित उपायुक्त उद्योग राजेश रोमन को निर्देशित किया कि प्रशिक्षण स्थल पर सफाई, पेयजल और सुरक्षा मानकों का पूर्ण पालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रशिक्षण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ष्व्क्व् योजना हमारे स्थानीय शिल्प की आत्मा है। इस प्रशिक्षण के माध्यम से हम न केवल रोजगार पैदा कर रहे हैं, बल्कि अपनी पारंपरिक कला को वैश्विक पहचान दिलाने के लिए नई पीढ़ी को तैयार कर रहे हैं।

# ए.एम. पब्लिक स्कूल, ठीकरपुरवा- सीतापुर में खसरे का टीकाकरण अभियान सफल

न्यूज वाणी ब्यूरो
सीतापुर। ए.एम. पब्लिक स्कूल, ठीकरपुरवा, सीतापुर में स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा खसरे का टीकाकरण अभियान चलाया गया। इस दौरान विद्यालय के विद्यार्थियों को क्रमवार तरीके से वैक्सीन लगाई गई। स्वास्थ्यकर्मियों ने बच्चों को खसरे से बचाव के लिए टीके के महत्व के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि समय पर टीकाकरण से बच्चों को गंभीर बीमारियों से सुरक्षित रखा जा सकता है। विद्यालय की प्रधानाचार्या खालदा शकील के मार्गदर्शन में कार्यक्रम संपन्न हुआ। उप–प्रधानाचार्या सुम्बुल शकील ने व्यवस्थाओं की देखरेख की। वहीं, नोडल शिक्षक उबैदुल्लाह अंसारी ने टीकाकरण अभियान के सफल संचालन में विशेष सहयोग प्रदान किया विद्यालय प्रशासन की ओर से सभी व्यवस्थाएँ सुव्यवस्थित ढंग से की गईं, जिससे कार्यक्रम शांतिपूर्वक एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। अभिभावकों ने भी इस पहल की सराहना की और इसे बच्चों के स्वास्थ्य के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताया



# शिक्षा समिति द्वारा घुमंतू परिवार को बाटे गए कपड़े

न्यूज वाणी ब्यूरो
लहरपुर सीतापुर। घुमंतू समाज व बंजारा समाज के लोगों की सुविधा के लिए रायपुर गंज कॉलोनी में पीतांबरा शिक्षा समिति पारा सराय के द्वारा जरूरतमंद लोगों को कपड़ा वितरित किया गया जिसमें 40 पुरुषों के लिए पैंट शर्ट व 13 बच्चों को पहनने के लिए अंग वस्त्र वितरित किए गए सामाजिक कार्यकर्ता मोहम्मद हसीन अंसारी ने बताया जिलाधिकारी की मनसा के अनुरूप सोमवार को श्री पीतांबरा शिक्षा समिति एवं केपी सिंह मेमोरियल हॉस्पिटल के द्वारा एक निशुल्क विशाल हेल्थ कैंप का आयोजन बंजारा कॉलोनी में किया जाएगा जिसका मुख्य उद्देश्य कॉलोनी में रह रहे सभी लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निशुल्क दवाइयां वितरित करना तथा शिक्षा के उद्देश्य से लोगों को प्रेरित कर स्कूल जाने के लिए मार्गदर्शन करना संस्था के चेयरमैन डॉक्टर एसपी सिंह द्वारा एक कार्यशाला और स्वास्थ्य कैंप का उद्घाटन किया जाएगा जिसमें सभी बंजारा वह घुमंतू समाज के लोगों को स्वास्थ्य संबंधी लाभ दिया जाएगा



# शिक्षकधशिक्षामित्र उत्थान समिति उत्तर प्रदेश द्वारा मानदेय वृद्धि पर मुख्यमंत्री दिया धन्यवाद

न्यूज वाणी ब्यूरो
सीतापुर। उत्तर प्रदेश के शिक्षा मित्र पिछले 9 वर्षों से आर्थिक संकट से जूझ रहे थे। 2026 बजट सत्र के समापन पर उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री जी द्वारा शिक्षामित्र का मानदेय 18000 पर प्रति माह की घोषणा करने से उत्तर प्रदेश के लगभग 146000 शिक्षामित्रों को जीवन के संकट से उभरने के लिए उन्हें एक संजीवनी मिली है। मुख्यमंत्री द्वारा शिक्षामित्र आर्थिक संकट की समस्याओं का संज्ञान लेते हुए उनका मानदेय 18000 रुपए प्रति माह करने पर शिक्षक शिक्षा मित्र उत्थान समिति के प्रदेश अध्यक्ष गुड्डू सिंह व प्रदेश सचिव उबैद अहमद सिद्दीकी , प्रदेश संगठन मंत्री विकास शर्मा , संयुक्त मंत्री सुमित गौड़ , रेखा लिटोरिया द्वारा मुख्यमंत्री का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए यह कहा कि पिछले 9 वर्षों से शिक्षा मित्र अपने आर्थिक संकट से इतना ग्रसित थे कि वो अपना परिवार चलाना भी मुश्किल हो रहा था 1 अप्रैल से होने वाली मानदेय वृद्धि से शिक्षामित्र परिवार में खुशी की लहर है।



# कलियुगी ममता या सामाजिक डर?कुएं में मिला नवजात का शव, इलाके में सनसनी

न्यूज वाणी ब्यूरो
सीतापुर। जनपद के सदरपुर थाना क्षेत्र से एक ऐसी खबर सामने आई है जिसने मानवता को झकझोर कर रख दिया है। शुक्रवार दोपहर गणेशपुर मजरा बकहुआ बाजार में उस वक्त हड़कंप मच गया, जब एक खेत में स्थित कुएं से एक नवजात शिशु का शव बरामद हुआ। खेत के कुएं में तैरता मिला मासूम जानकारी के अनुसार, ग्रामीण जब खेतों की ओर गए तो उनकी नजर पूर्व प्रधान सतीश वर्मा के खेत में बने कुएं पर पड़ी। कुएं के पानी में नवजात का शव तैरता देख ग्रामीणों के होश उड़ गए। देखते ही देखते मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई और पूरे इलाके में यह खबर आग की तरह फैल गई। पुलिस की कार्रवाई और जांच के बिंदु सूचना पाकर सदरपुर थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस ने ग्रामीणों की सहायता से शव को बाहर निकाला और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। पुलिस अब मुख्य रूप से दो बिंदुओं पर जांच कर रही हैरू क्या शिशु को जन्म के बाद जीवित कुएं में फेंका गया था? या फिर मृत अवस्था में उसे ठिकाने लगाने के उद्देश्य से वहां डाला गया? ष्हम मामले की गंभीरता से जांच कर रहे हैं। आसपास के गांवों में हाल ही में हुए प्रसवों का डेटा खंगाला जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के सही कारणों का पता चलेगा और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।ष . पुलिस प्रशासन ग्रामीणों में आक्रोश इस घटना ने स्थानीय लोगों को झकझोर कर रख दिया है। ग्रामीणों में अज्ञात दोषियों के खिलाफ भारी आक्रोश है और उन्होंने पुलिस से मांग की है कि इस घृणित कार्य को अंजाम देने वाले का जल्द पता लगाकर उसे सलाखों के पीछे भेजा जाए।



# पुलिस द्वारा अभियुक्तप्रतीक को अवैध असलहा सहित किया गया गिरफ्तार

न्यूज वाणी ब्यूरो
फिरोजाबाद । वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद द्वारा जनपद में अपराध एवं अपराधियों की गिरतारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निकट पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल नेतृत्व में थाना दक्षिण पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त प्रतीक पुत्र प्रमोद निवासी ब्राहमण चौराहा हिमायुपुर थाना दक्षिण जिला फिरोजाबाद को 01 अवैध तमंचा 315 बोर 03 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर सहित किरन मैरिज होम नगला मोती से गिरतार किया गया है।



# बाबू खां पठान के नेतृत्व में पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में जनसंपर्क अभियान

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। पड़ोसी देश नेपाल में चुनावी सरगर्मियां तेज हो गई हैं। विभिन्न राजनीतिक दल अपने—अपने प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभाएं और जनसंपर्क अभियान चला रहे हैं। सीमावर्ती क्षेत्रों में भी चुनावी चर्चा जोरों पर है, जिससे राजनीतिक माहौल पूरी तरह सक्रिय हो गया है। नगर क्षेत्र में पार्टी प्रत्याशी को विजयी बनाने के उद्देश्य से एक सशक्त जनसंपर्क कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व वरिष्ठ समाजसेवी एवं पार्टी नेता बाबू खां पठान ने किया। उनके नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने मुख्य मार्गों एवं बाजार क्षेत्रों में पदयात्रा कर लोगों से सीधे संवाद किया। हाथों में पार्टी का झंडा लिए समर्थकों ने घर—घर जाकर समर्थन मांगा और क्षेत्र के विकास, रोजगार सृजन तथा आधारभूत सुविधाओं को सु.ढ़ करने का संकल्प दोहराया। इस अवसर पर महिलाओं और युवाओं की उल्लेखनीय भागीदारी रही, जिससे कार्यक्रम को व्यापक जनसमर्थन मिलता दिखाई दिया। बाबू खां पठान ने कहा कि पार्टी का उद्देश्य आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान और क्षेत्र का समग्र विकास सुनिश्चित करना है। उन्होंने मतदाताओं से अपील की कि वे आगामी चुनाव में पार्टी प्रत्याशी को भारी मतों से विजयी बनाएं। साथ ही उन्होंने दावा किया कि जनता समाजवादी पार्टी, नेपाल की बाँके—2 सीट पर जीत निश्चित है और जनता का रुझान पार्टी के पक्ष में स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ, जिससे क्षेत्र में राजनीतिक गतिविधियां और तेज हो गई हैं।

# चांद दिखने से पवित्र माह रमजान की हुई शुरुआत, बाजारों में बढ़ी रौनक और इबादत का दिखा माहौल

न्यूज वाणी ब्यूरो

रूपईडीहा बहराइच। इस्लाम धर्म के पवित्र माह रमजान की शुरुआत बृहस्पतिवार से हो गई। बुधवार शाम इस्लामी धर्मगुरुओं द्वारा चांद देखे जाने की पुष्टि के बाद रमजान उल मुबारक के आगाज का ऐलान किया गया। चांद नजर आते ही मुस्लिम समुदाय में खुशी की लहर दौड़ गई और लोगों ने एक—दूसरे को रमजान की मुबारकबाद दी। रमजान शुरू होते ही मस्जिदों में नमाज और इबादत का सिलसिला तेज हो गया है। रोजेदार अल्लाह की इबादत में जुट गए हैं और पांचों वक्त की नमाज के साथ विशेष तरावीह नमाज भी अदा की जा रही है। मस्जिदें नमाजियों से भरी नजर आ रही हैं तथा पूरे माहौल में धार्मिक आस्था और आध्यात्मिकता का वातावरण दिखाई दे रहा है। रमजान को लेकर बाजारों में भी खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। रोजा खोलने (इतार) और सहरी की तैयारी के लिए लोग बड़ी संख्या में खरीदारी करने बाजार पहुंच रहे हैं। फल, खजूर, सेवई, पकवान और अन्य जरूरी सामानों की दुकानों पर भीड़ बढ़ गई है, जिससे बाजारों में रौनक लौट आई है। चारों ओर रमजान की धूम दिखाई दे रही है और लोग इस पवित्र महीने में ज्यादा से ज्यादा इबादत कर रहमतों और बरकतों की दुआ मांग रहे हैं।

# बाँदा कृषि एवं प्रौद्योगिक विष्वविद्यालय, बाँदा में चतुर्थ वार्षिक एथलेटिक मीट ''उमंग'' 2026 का भव्य शुभारम्भ

न्यूज वाणी ब्यूरो

बाँदा। कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्विद्यालय, बाँदा में द्वि—दिवसीय वार्षिक एथलेटिक मीट ''उमंग'' का भव्य शुभारम्भ दिनांक 20.02.2026 को हुआ। इस कार्यक्रम का उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलपति, प्रो0 (डा0) एस. वी. एस. राजू जी द्वारा मेजर ध्यानचंद की प्रतिमा पर माल्यार्पणकर किया गया। प्रो. राजू ने अपने उद्बोधन में समस्त प्रतिभागिओं को शुभकामना प्रेषित की। साथ ही मुख्य अतिथि ने प्रतिभागियों को खेलों के माध्यम से स्वास्थ्य लाभ एवं आत्मविष्वास का निर्माण कर टीम भावना के साथ स्वयं के लिये एवं अपने टीम के लिये पूर्ण शुचिता के साथ खेल में प्रतिभाग करने हेतु प्रोत्साहित किया। विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. एस.के. सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। अधिष्ठाता, छात्र कल्याण प्रो. अजीत सिंह ने कार्यक्रम के अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ प्रदान कर किया। इससे पूर्व एथलेटिक मीट के संयोजक डॉ. अभिषेक यादव ने कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा सभी के समक्ष रखी। उद्घाटन कार्यक्रम में आयोजित मार्च पास्ट प्रतियोगिता में विष्वविद्यालय के 6 महाविद्यालयों (.षि, उद्यान, वानिकी, सामुदायिक विज्ञान, एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग, फूड टैक्नोलॉजी) के टीमों ने पूरे उत्साह के साथ प्रतिभाग किया। इस मार्च पास्ट में उद्यान महाविद्यालय विजेता रहा जबकि .षि महाविद्यालय एवं फूड टैक्नोलॉजी महाविद्यालय सामूहिक रूप से उपविजेता रहे। प्रथम एवं द्वितीय विजेताओं को मुख्य अतिथि द्वारा ट्राफी प्रदान कर पुरस्.त किया गया। इस प्रतियोगिता के अन्तर्गत 1500 मीटर पुरूष एवं महिला दौड़, 100 मीटर पुरूष एवं महिला हीट, पुरूष एवं महिला डिस्कस थ्रो, पुरूष एवं महिला लम्बी कूद, 200 मीटर हीट, पुरूष एवं महिला और 800 मीटर की पुरूष एवं महिला दौड़ प्रतियोगिता पहले दिन के मुख्य आकर्षण रहें। पहले दिन की सभी प्रतियोगिताओं कुल 155 छात्र—छात्राओं ने प्रतिभाग किया। डॉ.. अभिषेक कुमार यादव, सचिव विश्विद्यालय खेल इकाई, विविध प्रतियोगिता अध्यक्ष — डॉ. यश गौतम, डॉ. गौरव शुक्ला, डॉ. मनीष कुमार सिंह, डॉ. हर्षद माधवराव मांर्डगे, डॉ. शिवांगी सिंह, डॉ. नीतू और डॉ. अनिकेत हनुमंत कल्हापुरे ने अपने समिति के सदस्यों के साथ समन्वय स्थापित कर प्रतियोगिताओं का सफलतापूर्वक आयोजन कराया। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका में श्री अनुज शुक्ला, डी.डब्लू.एस., श्री राहुल सिंह, सेंट जेवियर, श्री सुरेन्द्र, श्री राकेष, एल.बी.एम. और श्री प्रद्युम्न, बाँदा का विशेष सहयोग रहा। उद्घाटन समारोह में प्रो. नरेन्द्र सिंह, निदेशक, प्रशासन एवं अनुश्रवण, प्रो. जी.एस. पंवार, अधिष्ठाता .षि महाविद्यालय, प्रो सत्यव्रत द्विवेदी, अधिष्ठाता उद्यान महाविद्यालय, प्रो. संजीव कुमार, वानिकी महाविद्यालय, प्रो. अजीत सिंह, अधिष्ठाता, छात्र कल्याण, प्रो. जगन्नाथ पाठक, निदेशक शोध, प्रो. बी.पी. मिश्रा, निदेशक ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेंट, डा. पूनम पाण्डेय, सहायक अधिष्ठाता छात्र कल्याण, डा. देव कुमार, सुरक्षा अधिकारी, सहायक प्राध्यापक — डा. शालनी पुरवार, डा0 अवन्तिका श्रीवास्तव इत्यादि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का कुशल संचालन डा0 धीरज मिश्रा, सहायक प्राध्यापक ने किया। कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन डा0 अनिकेत हनुमंत कल्हापुरे, सहायक, अधिष्ठाता छात्र कल्याण ने किया।

# राजकीय महिला महाविद्यालय सात दिवसीय विशेष शिविर का उद्घाटन

न्यूज वाणी ब्यूरो/बांदा। राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय बांदा में राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत 7 दिवसीय विशेष शिविर का उद्घाटन किया गया। शिविर का आयोजन प्राचार्या प्रोफेसर दीपाली गुप्ता के अध्यक्षता में कार्यक्रम अधिकारी डॉ ० सबिहा रहमानी, डॉ० जयंती सिंह एवं डॉ० नीतू सिंह के दिशा निर्देशन में आयोजित किया गया । शिविर का उद्घाटन जिला प्रोबेशन अधिकारी श्रीमती मीनू सिंह के द्वारा किया गया। इस उत्सव पर विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर की गणमान्य लेखिका छाया सिंह और श्रीमती अंजू दमेले , डायरेक्टर श्रेया आकर्ष इंस्टीट्यूट उपस्थित रही। कार्यक्रम का उद्घाटन मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन से हुआ। यशी, प्रियांशी एवं आकांक्षा तथा अन्य छात्रों में स्वागत गीत एवं सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। महाविद्यालय के छात्रों ने महिला सुरक्षा पर एक नुक्कड़ नाटक भी प्रस्तुत किया। छात्राओं को डॉक्टर सबिहा रहमानी द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के बारे में जानकारी दी गई , प्रोफेसर जितेंद्र कुमार जी ने कहा के अनुशासन से रहते हुए ये कार्यक्रम सफल बनाए। इस कार्यक्रम को डॉक्टर माया वर्मा के द्वारा भी संबोधित किया गया उन्होंने छात्राओं को इस तरह के कार्यक्रम में भाग लेने के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ—साथ अतिरिक्त गतिविधियों और रचनात्मक क्रियाओं का समावेश हमारे व्यक्तित्व के विकास में अहम होता है इसी श्रृंखला में अंजू दमेले ने भी अपने विचार प्रस्तुत किए साथ ही उन्होंने कन्या होने को गर्व की अनुभूति बताते हुए छात्रों को एक गीत भी सुनाया। इसी क्रम में प्रोफेसर प्राचार्या दीपाली गुप्ता के द्वारा छात्राओं को अनुशासित रहकर 7 दिवसीय शिविर सकुशल संपन्न करने के लिए प्रेरित किया गया। इसी क्रम में डॉक्टर जयंती सिंह ने सभी सम्मानित अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रोफेसर जितेंद्र कुमार , डॉव माया वर्मा, डॉ ० जय प्रकाश सिंह, डॉ० अंकिता तिवारी, डॉ० ज्योति मिश्रा, डॉ० मोहम्मद अफजल, डॉ० रामनरेश पाल, डॉ ० आलोक कुमार भरद्वाज एवं डॉ० विनय कुमार पटेल उपस्थित रहे।

# नाबालिग यौन शोषण के जघन्य मामले में ऐतिहासिक फैसला: --दो दोषियों को फांसी, कई धाराओं में उम्रकैद व कठोर कारावास

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। लोक अभियोजक सौरभ सिंह ने बताया की नाबालिग बच्चों के साथ हुए संगठित यौन शोषण के एक अत्यंत गंभीर और जघन्य मामले में विशेष न्यायालय पास्को एक्ट बांदा ने ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए दो मुख्य दोषियों राम भवन और उसकी पत्नी दुर्गावती को मृत्युदंड की सजा दी है। ढ़ठ.ए दिल्ली द्वारा अक्टूबर 2020 को रिपोर्ट दर्ज की गई जिसमें अभियुक्त राम भवन और उसकी पत्नी दुर्गावती को अभियुक्त बनाया ! अभियोजन की ओर से ढ़ ठ.ए से विशेष अभियोजक धारा सिंह ने मुकदमे की पैरवी की जिसमें बताया कि अभियुक्त थाना नरैनी का निवासी है और चित्रकूट में किराये के घर में रह कर करीब 33 नाबालिक बच्चों के यौन शोषण कर वीडियो बना कर विदेशों में भेजे गए जांच में पता चला कि इसने करीब 2 लाख से ज्यादा वीडियो बना कर भेजे! मुकदमे में कुल 74 गवाह अदालत में पेश किए गए! अभियुक्तों को दोषी पाते हुए न्यायालय द्वारा दोनों को मृत्युदंड की सजा सुनाई और अपने फैसले में कहा कि दोषियों को "तब तक फांसी पर लटकाया जाए, जब तक उनकी मृत्यु न हो जाए।" यह फैसला देश में नाबालिगों



के खिलाफ होने वाले अपराधों पर कड़ा संदेश माना जा रहा है। अदालत के रिकॉर्ड के अनुसार, आरोपियों ने कई वर्षों तक नाबालिग बच्चों को बहला—फुसलाकर और धमकाकर उनका शारीरिक व मानसिक शोषण किया। पीड़ितों की उम्र 3 वर्ष से 18 वर्ष से कम के बीच बताई गई। मामले की जांच में यह भी सामने आया कि आरोपियों ने बच्चों के आपत्तिजनक वीडियो और तस्वीरें बनाईं,जिन्हें देश से बाहर करीब 47 देशों में भेजा गया था! जिनका इस्तेमाल ब्लैकमेलिंग और अन्य आपराधिक गतिविधियों के लिए किया गया। विशेष न्यायालय ने भारतीय दंड संहिता की धारा 377 (अप्रा.तिक अपराध), 506 (आपराधिक धमकी), 120ठ (आपराधिक साजिश), सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 67—बी तथा पॉक्सो अधिनियम, 2012 की कई गंभीर धाराओं के तहत दोषियों को दोषी ठहराया। कोर्ट ने दोषियों को मृत्युदंड और आजीवन कारावास, कठोर कारावास और भारी जुर्माने की सजा सुनाई। कोर्ट ने अपने फैसले में सभी पीड़ित बच्चों को 10— 10 लाख रुपये देने का भी आदेश पारित किया है और सजा में किए गए जुर्माने को भी बच्चों को देने का आदेश पारित किया है और टिप्पणी करते हुए कहा कि ऐसे अपराध न केवल पीड़ित बच्चों के जीवन को बर्बाद करते हैं, बल्कि समाज की नैतिक नींव को भी हिला देते हैं। न्यायालय ने यह भी कहा कि यदि ऐसे मामलों में सख्ती नहीं बरती गई, तो यह समाज के लिए खतरनाक संदेश होगा। अदालत ने पीड़ित बच्चों के पुनर्वास, मनोवैज्ञानिक उपचार और सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार और संबंधित विभागों को ठोस कदम उठाने के निर्देश दिए। कोर्ट ने कहा कि पीड़ितों को उचित मुआवजा, काउंसलिंग और शिक्षा—संबंधी सहायता उपलब्ध कराई जाए यह फैसला न्यायाधीश श्री प्रदीप कुमार मिश्रा अपर सत्र न्यायाधीश द्वारा सुनाया गया ! यह भी बता दे न्यायाधीश श्री प्रदीप कुमार मिश्रा जी ने 6 महीने में ये तीसरा फैसला सुनाया है जिसमें दोनों अभियुक्तों को मृत्युदंड की सजा दी है इसके पहले 2 मामलों में भी मृत्युदंड की सजा सुनाई जा चुकी है!

# 22 फरवरी को विधानसभा क्षेत्र नानपारा में आयोजित होगा विशेष अभियान दिवस

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच 20 फरवरी। विधानसभा क्षेत्र 283—नानपारा की निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी मोनालिसा जौहरी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सम्प्रति चल रहे विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण—2026 के अन्तर्गत प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुपालन में 22 फरवरी, 2026 (रविवार) को विशेष अभियान संचालित किया जायेगा। अभियान दिवस पर समस्त बीएलओ अपने—अपने मतदेय स्थलों पर उपस्थित रहकर अर्ह मतदाताओं से दावें और आपत्तियां प्राप्त करेगें। जबकि सभी सुपरवाइजर और सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी क्षेत्र का भ्रमण कर छूटे मतदाताओं का सत्यापन कर मतदाताओं के नाम बढ़ाने, नो मैपिंग तथा तार्किक विसंगतियों की श्रेणी से संबंधित मतदाताओं की सुनवाई भी करेंगे। श्रीमती जौहरी ने बताया कि विशेष अभियान तिथि को अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 को 18 वर्ष या इससे अधिक आयु के ऐसे पात्र व्यक्ति जिनका नाम अभी भी मतदाता सूची में सम्मिलित नहीं है, वे अपना नाम सम्मिलित कराने के लिए फार्म—6 में आवेदन कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त डुप्लीकेट, शिटेड तथा मृतक मतदाताओं के नामों को कटवाने के लिए प्रारूप—7 तथा नाम या अन्य किसी विवरण में संशोधन कराने तथा एक ही विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत एक मतदेय स्थल से दूसरे मतदेय स्थल पर नाम स्थानान्तरित कराने के लिए फार्म—8 में आवेदन कर सकते हैं। विशेष अभियान दिवस में ऐसे मतदाता जिन्हें नोटिस जारी हुई है वह भी मतदेय स्थलों पर जाकर अपनी सुनवाई बीएलओ के द्वारा करा सकते हैं। श्रीमती जौहरी ने समस्त नागरिकों का आहवान किया है कि इस अवसर का अधिक से अधिक लाभ उठायें। उन्होंने बताया कि इस कार्य में बीएलओ के सहयोग के लिए



आंगनवाड़ी, ग्राम रोजगार सेवक, ग्राम प्रधान, आशा, ग्राम विकास अधिकारी व अन्य ग्राम स्तरीय अधिकारीध्कर्मचारी भी उपस्थित रहेंगे।

# स्टार्टर चोरी करने वाले अभियुक्त गिरफ्तार ,चोरी का सामान सहित तमंचा व कारतूस बरामद

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद




में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरतारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 20.02.2026 को थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा स्टार्टर चोरी करने वाले अभियुक्त को गिरतार कर लिया गया है । गौरतलब हो कि थाना कोतवाली देहात क्षेत्र केरहने वाले दीपक सिंह द्वारा थाना कोतवाली देहात पर सूचना दी कि दिनांक 17ध18.02.2026 की देर रात्रि को अज्ञात चोर द्वारा खेत से उनका स्टार्टर चोरी कर ले गए । सूचना पर तत्काल थाना कोतवाली देहात पर अभियोग पंजी.त करते हुए अभियुक्तों की पहचान व गिरतारी के प्रयास किये जा रहे थे । इसी क्रम में आज दिनांक 20.02.2026 को थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा गश्त एवं चेकिंग के दौरान अभियुक्त को ग्राम पचनेही नहर पुलिया के पास से गिरतार कर लिया। पुलिस द्वारा पकड़े गये अभियुक्त से कड़ाई से पूछताछ करने पर अपना जुर्म स्वीकार किया। अभियुक्त के कब्जे से अवैध तमंचा व कारतूस सहित चोरी का स्टार्टर बरामद हुआ। पकड़े गए अभियुक्त—अनिल पुत्र झंडू निवासी तिंदवारी रोड ज्योति नगर थाना कोतवाली नगर बांदा के विरुद्ध मु0अ0स0— 35ध26 धारा 331(4)ध 305 (।) बीएनएस व बढोत्तरी धारा 317(2) बीएनएस थाना कोतवाली देहात जनपद बांदा। मु0अ0स0— 39ध26 धारा 3ध25 आर्म्स एक्ट थाना कोतवाली देहात जनपद बांदा में अभियोग दर्ज किया गया है पकड़ने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक श्री अरविन्द कुमार उ0नि0 श्री राजेश चन्द्र कां0 मंजीत यादव शामिल रहे।

# विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 के अंतर्गत नए मतदाता बनने हेतु जिलाधिकारी ने की जनपदवासियों से अपील

न्यूज वाणी ब्यूरो

मऊ । विशेष अभियान दिवस 22 फरवरी को भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार, जनपद मऊ में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण—2026 का अभियान युद्ध स्तर पर चलाया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य एक त्रुटिरहित, शुद्ध और पारदर्शी मतदाता सूची तैयार करना है, जो सु.ढ़ लोकतंत्र की आधारशिला है। इस अवसर पर जिलाधिकारीधजिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण मिश्र द्वारा जनपद के समस्त नागरिकों, विशेषकर युवाओं से उत्साहपूर्वक इस प्रक्रिया में भाग लेने की अपील की गई है। उन्होंने बताया कि ऐसे सभी युवा जिनकी आयु 01 जनवरी 2026 को 18 वर्ष पूर्ण हो चुकी है या होने वाली है, वे अपना नाम मतदाता सूची में सम्मिलित कराने के लिए आवेदन कर सकते हैं। नए पंजीकरण हेतु श्फॉर्म—6श पहली बार मतदाता बनने वाले नागरिक फॉर्म—6 भरकर अपना आवेदन कर सकते हैं। जनपद के सभी मतदेय स्थलों पर श्ड्राट मतदाता सूचीश का प्रकाशन किया जा चुका है। नागरिक अपने संबंधित बूथ पर जाकर सूची में अपना नाम चेक कर सकते हैं। यदि मतदाता सूची में नाम, पता या फोटो में कोई त्रुटि है, तो फॉर्म—8 के माध्यम से सुधार किया जा सकता है। साथ ही, मृत या स्थानांतरित मतदाताओं के नाम हटाने हेतु फॉर्म—7 भरा जा सकता है। जिलाधिकारी ने बताया कि पंजीकरण की प्रक्रिया को अत्यंत सरल बनाया गया है। नागरिक निम्नलिखित माध्यमों से आवेदन कर सकते हैंरू ऑनलाइन पोर्टल अवजमते.मबप. हवअ.पद पर जाकर सीधे आवेदन करें। मोबाइल ऐप श्टवजमत



भ्मसचसपदम ।चचश के माध्यम से घर बैठे पंजीकरण संभव है। बीएलओ के माध्यम से अपने क्षेत्र के बूथ लेवल अधिकारी बीएलओ से संपर्क कर ऑफलाइन फॉर्म जमा कर सकते हैं। ष्लोकतंत्र की मजबूती के लिए हर एक वोट की कीमत है। मऊ का कोई भी पात्र नागरिक मतदाता बनने से वंचित न रहे, यही हमारा संकल्प है। मैं जनपद के सभी युवाओं से आह्वान करता हूँ कि वे स्वयं को पंजी.त करें और श्जागरूक मतदाताश होने का कर्तव्य निभाएं। उन्होंने बताया कि विशेष अभियान दिवस 22 फरवरी 2026 को प्रत्येक मतदान केंद्र पर हेल्प डेस्क बनाई जाएगी, जो मतदाताओं को फॉर्म भरने में सहायता करेंगे। जिलाधिकारी ने सभी शिक्षण संस्थानों और सामाजिक संगठनों से भी अपील की है कि वे युवाओं को मतदान के प्रति जागरूक करने में अपना सहयोग प्रदान करें। श्नो मैपिंगश और श्तार्किक विसंगतिश वाले मामलों के त्वरित निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए गए हैं।

# देश भर में स्वच्छ भारत मिशन-शहरी के तहत स्वच्छ सर्वेक्षण 2025.26 की तैयारियाँ जोरों पर

## -योगी सरकार की पहल से बदलेगी तस्वीर

## -नगर पालिका परिषद बांदा की सराहनीय पहल घर-घर बांटी जा रही है डस्टबिन

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। यह राष्ट्रीय सर्वेक्षण नगरों के स्वच्छता, कचरा प्रबंधन और सार्वजनिक स्वच्छता स्तर का आकलन करने वाला सबसे बड़ा सर्वे है, जिसका उद्देश्य शहरों को स्वच्छ, स्वस्थ और बेहतर जीवन—योग्य बनाना है। जनपद बांदा में स्वच्छता को लेकर यूपी सरकार का बड़ा अभियान, योगी सरकार की पहल से बदलेगी तस्वीर बांदा, उत्तर प्रदेश। मुख्यमंत्री योगीआदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान का प्रभाव अब जनपद बांदा में स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा है। प्रदेश सरकार ने ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में साफ—सफाई की व्यवस्था को मजबूत करने के लिए विशेष कार्ययोजना लागू की है, जिससे जनपद के नागरिकों को स्वच्छ वातावरण मिल सके। जनपद बांदा में नगर पालिका और ग्राम पंचायतों के माध्यम से नियमित सफाई अभियान चलाया जा रहा है। प्रमुख बाजारों, सरकारी कार्यालयों, स्कूलों और स्वास्थ्य केंद्रों के आसपास विशेष सफाई अभियान संचालित किए जा रहे हैं। साथ ही नालों की सफाई, कूड़ा निस्तारण और डोर—टू—डोर कचरा संग्रहण व्यवस्था को सु.ढ़ किया गया है। उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देश पर जिला प्रशासन ने "स्वच्छ बांदा, स्वस्थ बांदा" अभियान की शुरुआत की है। इसके अंतर्गत सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छता के प्रति जागरूकता कार्यक्रम, रैलियां और नुक्कड़ नाटक आयोजित किए जा रहे हैं। स्कूलों में बच्चों को स्वच्छता की शपथ दिलाई जा रही है ताकि आने वाली पीढ़ी में साफ—सफाई की आदत विकसित हो। ग्रामीण क्षेत्रों में शौचालय निर्माण और उनके उपयोग को बढ़ावा देने के लिए विशेष टीमों का गठन किया गया है। खुले में शौच मुक्त (व्क्थ्) स्थिति को बनाए रखने के लिए नियमित निगरानी की जा रही है। साथ ही प्लास्टिक प्रतिबंध अभियान को भी सख्ती से लागू किया जा रहा है। जिला प्रशासन के अधिकारियों का कहना है कि आमजन की भागीदारी से ही स्वच्छता अभियान सफल हो सकता है। नागरिकों से अपील की गई है कि वे कूड़ा इधर—उधर न फेंकें और निर्धारित स्थानों पर ही कचरा डालें। सरकार की इन पहलों से उम्मीद की जा रही है कि जनपद बांदा जल्द ही प्रदेश के स्वच्छ जिलों की सूची में प्रमुख स्थान प्राप्त करेगा।

# कांग्रेसियों ने पुतला दहन कर जताया आक्रोश, लाठीचार्ज के विरोध में प्रदर्शन

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। विगत दिनों मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत शांतिपूर्ण विधानसभा घेराव करने जा रहे उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय सहित तमाम कांग्रेसियों पर भाजपा सरकार के इशारे पर बर्बरता पूर्वक लाठीचार्ज करके अपनी क्रूरता एवं तानाशाही रवैया अपनाए जाने के विरुद्ध कांग्रेस नेता विनय सिंह के नेतृत्व में आज कांग्रेसजनों ने अपनी बाहों में काली पट्टी बांध कर तथा प्रतिष्ठानों, वाहनो और मकानों पर काले झण्डे लगाकर काला दिवस मनाते हुए ब्लाक हुजूरपुर के अन्तर्गत लौकाही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं गृहमंत्री अमित शाह का पुतला दहन कर आक्रोश प्रदर्शन किया। इस दौरान कांग्रेस नेता विनय सिंह ने कहा कि विगत 17 फरवरी को राष्ट्रीय महासचिव एवं प्रभारी उत्तर प्रदेश श्री अविनाश पांडेय, प्रदेश अध्यक्ष श्री अजय राय तथा वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद आदरणीय प्रमोद तिवारी जी व नेता विधानमंडल दल आराधना मिश्रा मोना जी के अगुवाई में कांग्रेस जन मनरेगा का अस्तित्व बचाने तथा सरकार के अन्य जनविरोधी नीतियों के खिलाफ विधानसभा घेराव करने के लिए लोकतांत्रिक तरीके से विरोध प्रदर्शन करते हुए विधानसभा के लिए कूच किया तभी कुछ दूरी पर बैरिकेडिंग लगाकर मोदी योगी सरकार की मंशा के अनुरूप भारी पुलिस बल तैनात पुलिसकर्मियों ने दमनकारी रवैया अपनाते हुए लाठीचार्ज किया जिससे हमारे अगुआ अजय राय जी सहित कई नेताओं और कार्यकर्ताओं को भारी चोंटे आई है। जिनका डाक्टरी परीक्षण के तहत उपचार भी कराया गया। उन्होंने कहा एक तरफ मोदी सरकार मजदूर किसानों गरीबों बेसहारों की हितैषी मनरेगा को समाप्त कर गांधी जी सोंच व विचार को समाप्त करने पर आमादा है वहीं अपने निजी स्वार्थ के तहत अमरीकी सरकार से जनविरोधी डील करके देशवासियों के पीठ में छूरा भोंकने का काम किया है वहीं सम्पूर्ण देश और समाज की आवाज बन चुके जननायक राहुल गांधी की आवाज को दबाने हेतु अपने चहेतों से जान माल की धमकी दिलवा कर सच्चाई को दबाने का कुत्सित प्रयास कर रहे हैं।जिसे हम कांग्रेस जन कत्तई नहीं कर सकते हैं। संचालन डाक्टर नसीम इदरीसी ने किया।इस दौरान संतोष जायसवाल अध्यक्ष किसान कांग्रेस जिला महासचिव स्वदेश कुमार सिंह एडवोकेट, ज्ञानेंद्र पाण्डेय, अवधराम पासवान सतीश सिंह, उमेश कुमार तिवारी, दुर्गेश सिंह राजेंद्र सिंह ओम प्रकाश दुबे, अश्विनी सिंह सहित कई लोगों ने गुस्से जाहिर किया।

# सरकारी योजना पर खुली डकैती, अमृत सरोवर बना मिट्टी माफियाओं का अड्डा

न्यूज वाणी ब्यूरो

नानपारा बहराइच। तहसील नानपारा क्षेत्र के विकास खंड नवाबगंज की ग्राम पंचायत गोविंदापुर पंडित के मजरा मंसूख गांव में केंद्र व प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी अमृत सरोवर योजना को खुलेआम पलीता लगाया जा रहा है। गांव में हालात इतने बदतर हैं कि जनकल्याण की योजना अब भ्रष्टाचार, लापरवाही और अवैध खनन की शिकार बन चुकी है। ग्रामीणों के अनुसार, अमृत सरोवर के नाम पर लाखों रुपये खर्च दिखा दिए गए, लेकिन जमीनी सच्चाई यह है, कि सरोवर में पानी भरने के बजाय जेसीबी मशीनों और ट्रैक्टरों से धड़ल्ले से मिट्टी की खुदाई कराई जा रही है। इससे न सिर्फ सरोवर की संरचना तहस—नहस हो चुकी है, बल्कि योजना का मूल उद्देश्य.जल संरक्षण और ग्रामीण सुविधा.पूरी तरह खत्म कर दिया गया है। आरोप है कि ग्राम प्रधान जाकरून ने योजना की पूरी धनराशि निकाल ली, जबकि सीमेंट की कुर्सियां, चारदीवारी और सौंदर्यीकरण कार्य या तो हुए ही नहीं या कागजों में निपटा दिए गए। मौके पर चारों ओर झाड़ियां उगी हैं, पहले से बनी चारदीवारी टूटकर गिर चुकी है और सरोवर अवैध मिट्टी खनन का केंद्र बन गया है। विरोध कर रहे ग्रामीण तिरभुवन प्रसाद, गंगाराम, शोभा समेत अन्य लोगों ने साफ कहा कि यदि सरोवर में पानी भरवा दिया जाए तो पशुओं के पीने के पानी की समस्या दूर होगी और गांव को बैठने—टहलने की सुविधा मिलेगी। मगर जिम्मेदारों की मेहरबानी से यह सार्वजनिक संपत्ति माफियाओं के हवाले कर दी गई है। ग्रामीणों का यह भी आरोप है कि ग्राम प्रधान प्रतिनिधि और एपीओ से कई बार संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन फोन तक उठाने की जहमत नहीं की गई.जो साफ तौर पर मिलीभगत की ओर इशारा करता है। अब ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि अवैध मिट्टी खनन की निष्पक्ष जांच कराई जाए, दोषियों पर कड़ी कार्रवाई हो और सरोवर में तत्काल पानी भरवाकर पूर्ण सौंदर्यीकरण कराया जाए। चेतावनी दी गई है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वे उच्च अधिकारियों के समक्ष शिकायत कर आंदोलन को और तेज करेंगे। सरकार की योजना को लूट का जरिया बनाने वालों के खिलाफ कार्रवाई न होना, प्रशासनिक निष्क्रियता पर भी गंभीर सवाल खड़े करता है।

# तेज रतार रोडवेज बस की टक्कर से दो छात्रों की मौत, एक घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। रामगांव थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह दर्दनाक सड़क हादसे में हाईस्कूल परीक्षा देने जा रहे दो छात्रों की मौत हो गई, जबकि एक अन्य छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा नानपारा मार्ग पर झिंगहा घाट के पास हुआ। जानकारी के अनुसार, राजापुर माफी गांव निवासी 17 वर्षीय मस्तराम अपने मामा के लड़के रोहित और जयहिंद के साथ सुबह करीब सात बजे बाइक से शहर स्थित सिटी मॉन्टेसरी स्कूल में परीक्षा देने जा रहा था। झिंगहा घाट पर हनुमान मंदिर के सामने तेज रतार रोडवेज बस ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दो छात्रों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीसरा छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद बस चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। सूचना मिलते ही रामगांव थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और घायल छात्र को जिला अस्पताल भिजवाया। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा फरार बस चालक की तलाश शुरू कर दी है।

# राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने 3 मार्च को होली अवकाश घोषित करने की उठाई मांग

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने जिला अधिकारी को ज्ञापन सौंप कर 2 मार्च होलिका दहन के अगले दिन 3 मार्च को होली अवकाश घोषित करने की मांग की। जिलाध्यक्ष पंकज सिंह ने बताया कि जनपद बांदा में 2 मार्च होलिका दहन एवं 4 मार्च को होली का अवकाश है। जिलाधिकारी महोदया द्वारा 5 मार्च को होली का स्थानीय अवकाश भी घोषित किया गया है। बीच में 3 मार्च को अवकाश नहीं है। जब कि जनपद में होलिका दहन के उपरांत अगले दो दिनों तक पूरे जनपद में होली खेली जाती है। समूचा जनपद होलीमय हो जाता है। साथ ही यातायात साधन आदि भी बंद रहते हैं। ऐसी स्थिति में 3 मार्च को विद्यालयध् कार्यालय खोले जाने पर शिक्षकों सहित बच्चों को अत्यंत असुविधा हो सकती है। यातायात के साधन बंद होने और जगह जगह रंग गुलाल के कारण विद्यालयों तक पहुंचने और खोले रहने में समस्या हो सकती है क्यों कि होली आदि के माहौल में कई अराजकतत्वों द्वारा अशांति फैलाने का कार्य भी किया जाता है। बाहरी जनपदों के शिक्षकों एवं कर्मचारियों द्वारा होली जैसे हर्षोल्लास के पर्व को मनाने हेतु अपने अपने घरों को प्रस्थान किया जाता है। बीच में एक दिन 3 मार्च को विद्यालयध्कार्यालय खुलने पर त्योहार मनाने में असुविधा हो सकती है। होली पर्व में अधिकतर बच्चे भी अपने ननिहाल आदि चले जाते हैं जिससे उनका एक दिन के लिए विद्यालय आना असंभव सा प्रतीत होता है। विगत वर्षों में भी होलिका दहन के उपरान्त लगातार अगले दो दिनों तक अवकाश होता रहा है। पड़ोसी जनपद हमीरपुर में 3 मार्च 2026 को स्थानीय अवकाश घोषित किया जा जा चुका है। अतः महोदया को ज्ञापन सौंप कर विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी 2 मार्च होलिका दहन के अगले दिन यानी 3 मार्च 2026 का होली अवकाश घोषित करने की मांग की गई है।

# अश्वनी जैन का राज्य अध्यापक पुरस्कार में चयन होने पर सीडीओ फिरोजाबाद ने जताया हर्ष

न्यूज वाणी ब्यूरो



फिरोजाबाद। आगरा मण्डल के जनपद फिरोजाबाद के श्री महावीर दिगम्बर जैन इंटर कॉलेज, सिरसागंज के नागरिक शास्त्र के प्रवक्ता अश्वनी कुमार जैन को मानविकी वर्ग में महामहिम राज्यपाल द्वारा राज्य अध्यापक पुरस्कार के लिए नामित किया गया है। अश्वनी कुमार जैन को यह पुरस्कार विद्यालय में अपने विषय में विद्यार्थियों के नामांकन बढ़ाने, नागरिक शास्त्र विषय को रुचिकर बनाने, उसमें नवाचार करने नागरिक शास्त्र मेला, भारतीय संसद का निर्माण, संविधान प्रस्तावना पाठ, संविधान क्विज, संविधान पोस्टर प्रतियोगिता, पैनल बोर्ड से वीडियो के माध्यम से अध्ययन, शैक्षिक भ्रमण, टी एल एम से विद्यार्थियों को अध्ययन, विद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताओं में योगदान, महापुरुषों की जयंती एवं राष्ट्रीय पर्वों पर मंच संचालक की भूमिका का निर्वहन, नगर पालिका परिषद सिरसागंज के स्वच्छ भारत अभियान के ब्राण्ड एम्बेसडर की भूमिका में स्वच्छता संबंधी विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन, वृक्षारोपण कार्यक्रम, विद्यार्थियों को संसद, चुनाव आदि की जानकारी एवं सामाजिक कार्यों में अग्रणी भूमिका प्रदान करने के लिए दिया गया है। शत्रोहन वैश्य, मुख्य विकास अधिकारी, फिरोजाबाद ने उन्हें शुभकामनाएं प्रदान करते हुए बताया कि जैन कई वर्षों से इस पुरस्कार के प्रतिभागी रहे, वह विज्ञान और शिक्षा के क्षेत्र में लंबे समय से सक्रिय हैं। उनके द्वारा विद्यालय में सभी गतिविधियों में पूर्ण सक्रियता रहती है। इसके साथ जनपद फिरोजाबाद के विभिन्न प्रशासनिक कार्यों में पूर्ण सहयोग प्रदान करने के साथ जिला विज्ञान क्लब, फिरोजाबाद के जिला समन्यवक की भूमिका का सफलतापूर्वक निर्वहन करते हैं। जिससे जनपद की प्रतिभाएं राज्य स्तर तक प्रतिभाग कर रही हैं। अश्वनी कुमार जैन ने सीडीओ फिरोजाबाद, शत्रोहन वैश्य के साथ अपने परिवार, समस्त जनप्रतिनिधियों, समस्त प्रशासनिक अधिकारियों, जनपद के विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य, शिक्षक साथी, विद्यालय की प्रबन्ध समिति, समस्त विद्यालय परिवार, समस्त मीडिया वर्ग का आभार व्यक्त किया।

# मस्जिद ए कूफा में इतारी के बिना लौटे रोजदार

न्यूज वाणी ब्यूरो



लखनऊ। हुसैनाबाद ट्रस्ट के अधिकारियों और रौजा ए काजमैन के,प्रभारी की घोर लापरवाही के कारण पहले रोजे में ही, रोजदारों को देने वाली इतारी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गयी.पहली रमजान के दिन ही मस्जिद ए कूफा में नमाज अदा कर रहे रोजदारो को बिना इतारी के रोजा खोले ही वापस जाना पड़ा. ट्रस्ट की घोर लापरवाही के चलते 7 बजे के बाद मस्जिद में इफतारी भेजी गई.सूत्र बताते हैं कि इस बात से नाराज लोगों ने काजमैन के प्रभारी एजाज के घर इतारी भेज दी।उस इतारी को एक महिला की मजलिस में बाटा गया. स्थानीय लोगों के अनुसार लगातार कई वर्षो से रमजान और मोहर्रम के मौके पर प्रभारी एजाज की लापरवाही से अनियमितायें व्याप्त हैं. लोगों का कहना है कि ट्रस्ट की तरफ से किसी जिम्मेदार अधिकारी को यहां की जिम्मेदारी दी जाये.उन्ही अधिकारी की निगरानी में इफतारी रोजदारों को दी जाए.स्थानीय लोगों की मांग है कि,यहां से एजाज का ट्रांसफर हो और किसी जिम्मेदार और ईमानदार प्रभारी को नियुक्ति किया जाय.तभी यहां पर काम सुचारु रूप से हो सकेगा।

# किसान से मारपीट नहीं काटने दे रहे दबंग फसल

न्यूज वाणी ब्यूरो

एलाऊ। थाना एलाऊ क्षेत्र के ग्राम जटपुरा निवासी एक किसान ने गांव के ही तीन लोगों पर मारपीट करने और सरसों की फसल नष्ट करने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने थाना एलाऊ में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। थाना क्षेत्र के ग्राम जटपुरा



निवासी जवाहर लाल पुत्र रतीराम ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वृहस्पतिवार की सुबह करीब 9 बजे गांव के ही रामनिवास पुत्र जंगी सिंह, सुरजन पुत्र रामनिवास व आकाश पुत्र रामनिवास उसके पास आए और गाली–गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की। पीड़ित का आरोप है कि आरोपियों ने उसके खेत में खड़ी सरसों की फसल को नुकसान पहुंचाया तथा बची हुई फसल को काटने से भी रोक रहे हैं। इतना ही नहीं, खेत की ओर जाने पर जान से मारने की धमकी भी दी जा रही है। पीड़ित ने आरोप लगाया कि आरोपी दबंग किस्म के व्यक्ति हैं, जिससे वह भयभीत है। पीड़ित ने थाना पुलिस से रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# महात्मा ज्योतिबा राव फूले जन कल्याण समिति ने कराया सामूहिक विवाह, दो दर्जन जोड़े बंधे परिणय सूत्र में

## -फिजूल खर्च रोकने का सशक्त संदेश सामूहिक विवाह समारोह में नव दंपतियों को मिला आशीर्वाद व उपहार।

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। महात्मा ज्योतिबा राव फूले जन कल्याण समिति के तत्वाधान में उत्सव गार्डन में सर्व समाज का सामूहिक विवाह समारोह भव्य रूप से संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अवर अभियंता अजब सिंह यादव ने दीप प्रज्वलित कर एवं महात्मा ज्योतिबा राव फूले के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवानिवृत्त वरिष्ठ सहायक आरटीओ कार्यालय रामकरन शाक्य ने की। समारोह में लगभग दो दर्जन जोड़ों का विधि–विधान से विवाह संपन्न कराया गया। इस अवसर पर सोनू शर्मा ने नवविवाहित जोड़ों को उपहार भेंट किए। कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य अतिथियों ने नव दंपतियों को शुभाशीर्वाद देते हुए उनके सुखद वैवाहिक जीवन की कामना की। समिति के अध्यक्ष ऐश्वर्य प्रताप सिंह कुशवाहा, प्रबंधक विमल सिंह कुशवाहा, संयोजक इंजी. सुरेंद्र प्रताप



सिंह, संयोजक जितेंद्र शाक्य (पूर्व प्रधान, जिलाध्यक्ष जन अधिकार पार्टी), वरिष्ठ उपाध्यक्ष सेवाराम कुशवाहा, उपाध्यक्ष शिवेंद्र कुशवाहा, मुख्य व्यवस्थापक सुनील कुशवाहा, रंजीत सिंह कुशवाहा (जिला युवा महामंत्री, अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल), धर्मेंद्र सविता, अरविंद कुशवाहा, दिनेश कश्यप, अश्वनी सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में सहायक निदेशक हरीराम राजपूत, डॉ. एस.एस. कुशवाहा, ए.ई. संतोष राजपूत, डॉ. कमल कुशवाहा, बॉलीवुड अभिनेता वलवंतराज कुशवाहा (लखनऊ), अरविंद कुमार (जिलाध्यक्ष खटीक महासभा, मेहुना भिण्ड, म.प्र.), डॉ. महेंद्र शाक्य, लज्जाराम (बाबू जी), दशरथ सिंह कुशवाहा, शिक्षकगण तथा मंच संचालन कर रहे रविंद्र सिंह कुशवाहा सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि सामूहिक विवाह जैसे आयोजन समाज में व्याप्त फिजूलखर्ची को रोकने और जरूरतमंद परिवारों को सहयोग प्रदान करने का सराहनीय माध्यम हैं। कार्यक्रम के अंत में समिति के अध्यक्ष ऐश्वर्य प्रताप सिंह कुशवाहा ने सभी अतिथियों, सहयोगियों एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी ऐसे आयोजन निरंतर कराने का संकल्प लिया।

# मिशन शक्ति फेज-5 के तहत चकरनगर में महिलाओं-बालिकाओं को सुरक्षा व स्वास्थ्य के प्रति किया जागरूक

## -महिला पुलिस की पहल चकरनगर में हेल्पलाइन नंबर व सरकारी योजनाओं की दी महत्वपूर्ण जानकारी

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा एवं सशक्तिकरण के उद्देश्य से चलाए जा रहे मिशन शक्ति फेज–5 के अंतर्गत गुरुवार को थाना चकरनगर क्षेत्र में जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान मिशन शक्ति टीम द्वारा क्षेत्र में पहुंचकर महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा एवं स्वास्थ्य से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की गईं। टीम ने उपस्थित महिलाओं एवं छात्राओं को विभिन्न आपातकालीन हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए बताया कि किसी भी आपात स्थिति में तत्काल इन नंबरों का उपयोग कर सहायता प्राप्त की जा सकती है। साथ ही उन्हें महिला सुरक्षा, साइबर अपराध से बचाव तथा स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों के प्रति भी जागरूक किया गया। इसके अतिरिक्त टीम द्वारा विभिन्न जनकल्याणकारी सरकारी योजनाओं जैसे विधवा पेंशन योजना, वृद्धावस्था पेंशन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, आयुष्मान भारत योजना एवं अन्य योजनाओं की जानकारी देते हुए इनका लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया। मिशन शक्ति टीम ने छात्राओं को अपनी पढ़ाई को



प्राथमिकता देने, आत्मनिर्भर बनने तथा अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। साथ ही महिलाओं से अपील की गई कि वे प्राप्त जानकारी को अपने परिवार और आसपास के लोगों के साथ साझा करें, जिससे समाज में जागरूकता बढ़ सके। अभियान के दौरान महिलाओं एवं बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और पुलिस द्वारा दी गई जानकारी की सराहना की।

# एसएसपी ने शुक्रवार परेड की सलामी लेकर किया पुलिस लाइन का निरीक्षण

## –पुलिसकर्मियों से लगवाई दौड़, अनुशासन व फिटनेस पर दिया विशेष जोर।

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक



बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा शुक्रवार को रिजर्व पुलिस लाइन इटावा में आयोजित साप्ताहिक परेड की सलामी लेकर पुलिस बल का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने पुलिसकर्मियों की शारीरिक एवं मानसिक फिटनेस को परखते हुए दौड़ लगवाई तथा अनुशासन एवं एकरूपता बनाए रखने के उद्देश्य से टोलीवार ड्रिल भी कराई। परेड में पुलिस लाइन तथा विभिन्न शाखाओं में नियुक्त पुलिसकर्मियों ने प्रतिभाग किया। एसएसपी ने पुलिस बल को विभिन्न प्रकार के शारीरिक व्यायाम कराते हुए फिट एवं सतर्क रहने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि पुलिसकर्मियों के लिए शारीरिक रूप से स्वस्थ रहना अत्यंत आवश्यक है, जिससे वे अपने कर्तव्यों का निर्वहन बेहतर ढंग से कर सकें। इसके उपरांत एसएसपी ने यूपी–112 पीआरवी वाहनों का निरीक्षण कर उनमें मौजूद दंगा नियंत्रण उपकरण, फर्स्ट एड किट एवं अन्य आवश्यक संसाधनों की जांच की तथा उपकरणों की नियमित साफ–सफाई, समुचित रखरखाव एवं कुशल संचालन के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने आरटीसी कार्यालय, बैरक एवं मेस का भी जायजा लिया और साफ–सफाई, भोजन की गुणवत्ता तथा उपलब्ध संसाधनों के संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। परेड समाप्त होने के बाद एसएसपी द्वारा पुलिस लाइन आदेश कक्ष में विभिन्न अभिलेखों एवं रजिस्टरों का निरीक्षण किया गया तथा पुलिसकर्मियों का अर्दली रूम कर उनकी समस्याएं सुनते हुए आवश्यक निर्देश प्रदान किए। इस दौरान अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# एसएसपी के निर्देशन में बैंकों की सघन चेकिंग, सुरक्षा व्यवस्था का लिया गया जायजा

## -जनपद भर में बैंक व वित्तीय संस्थानों का निरीक्षण, सीसीटीवी और अलार्म सिस्टम पर खास नजर

न्यूज वाणी ब्यूरो / इटावा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में शुक्रवार को जनपद के समस्त थाना प्रभारी, थानाध्यक्ष एवं चौकी प्रभारियों द्वारा अपने–अपने थाना क्षेत्रों में स्थित बैंकों एवं वित्तीय संस्थानों का सघन निरीक्षण किया गया। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने बैंक परिसरों के अंदर और बाहर सुरक्षा व्यवस्था का बारीकी से जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान बैंकों में लगे सीसीटीवी कैमरों, अलार्म सिस्टम तथा अन्य सुरक्षा उपकरणों की कार्यशीलता को चेक किया गया और संबंधित बैंक प्रबंधकों को सुरक्षा मानकों का पूर्ण पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। पुलिस अधिकारियों ने बैंक के प्रवेश एवं निकास द्वार, कैश काउंटर और आसपास के क्षेत्रों का भी निरीक्षण किया। इसके साथ ही बैंक कर्मचारियों एवं ग्राहकों को जागरूक करते हुए कहा गया कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें, जिससे समय रहते प्रभावी कार्रवाई कर अपराध की संभावनाओं पर अंकुश लगाया जा सके। पुलिस की इस कार्रवाई से बैंक कर्मचारियों एवं ग्राहकों में सुरक्षा की भावना मजबूत हुई तथा जनपद में कानून व्यवस्था बनाए रखने के प्रति पुलिस की सक्रियता का संदेश।




# महासंघ व बीएसए से वार्ता, चयन वेतन मान का हुआ आदेश

## -65 शिक्षकों की वार्षिक बाधित वेतन वृद्धि होगी बहाल

न्यूज वाणी ब्यूरो

बाबागंज। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ बहराइच द्वारा ज्वलंत शिक्षक समस्याओं के निस्तारण के लिए 19 फरवरी के धरना–प्रदर्शन से पूर्व बीएसए आशीष कुमार सिंह नें पत्र जारी कर जिलाध्यक्ष आनन्द मोहन मिश्र के नेतृत्व में पदाधिकारियों कों वार्ता के लिए आमंत्रित किया था। लम्बे समय से लंबित चल रही शिक्षकों की मांग के क्रम में चयन वेतनमान का हस्ताक्षरित आदेश तथा अवशेष सभी का चयन वेतनमान जारी करने, विकास खंड पयागपुर के एफएलएन प्रशिक्षण के दौरान 65 शिक्षक– शिक्षिकाओ की अस्थाई रूप से वार्षिक वेतन वृद्धि बहाल करने,ऑफलाइन निरीक्षण पर रोक, बाल्य देखभाल अवकाश एक बार में 30 दिन की स्वी.ति, पात्र शिक्षक–शिक्षिकाओ कों दिव्यांग भत्ते का नियमानुसार भुगतान,निरीक्षण के दौरान शिक्षकों का पक्ष जाने बिना कोई भी विभागीय कार्यवाही न करने,इंचार्ज प्रधानाध्यापकों कों प्रधानाध्यापक पद का वेतन भुगतान सहित अन्य मांगो के सम्बन्ध में बीएसए आशीष कुमार सिंह व महासंघ के पदाधिकारियों के मध्य हुई वार्ता में बनी सहमति के क्रम में जनपद के लगभग 1900 शिक्षकों के चयन वेतनमान स्वी.ति का तत्काल आदेश जारी किया गया।जारी आदेश के मुताबिक 1454 प्राथमिक शिक्षक, 38 जूनियर शिक्षक वही 404 प्राथमिक स्कूलों के प्रधानाध्यापक तथा जूनियर के सहायक अध्यापकों कों भी चयन वेतनमान का लाभ दिया गया है, साथ ही साथ विकासखंड पयागपुर के 65 शिक्षकों की बाधित वेतन वृद्धि बहाल करने एवं अन्य सभी समस्याओं को समाधान हेतु बीएसए के द्वारा महासंघ को लिखित कार्यवृति दी गई है। उक्त प्रकरण लम्बे समय से लंबित था और महासंघ लगातार इसकी मांग रहा था। जनपद के शिक्षकों ने महासंघ के इस कदम का स्वागत



करते हुए शिक्षकों के हित में महत्वपूर्ण निर्णय व जीत बताया। जिलाध्यक्ष श्री मिश्र ने कहा कि शेष सभी लंबित समस्याओं का शीघ्र निस्तारण करने की मांग करते हुए पुनः चेतावनी दी है कि यदि दिए गए समय पर सभी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो वृहद आंदोलन का रास्ता अपनाया जायेगा। हालांकि विभागीय सूत्र बताते है कि शेष प्रकरणों की प्रक्रिया जारी है और जल्द ही उनका भी निस्तारण किये जाने की सम्भावना है।पंकज कुमार वर्मा जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष, उमेश चंद्र त्रिपाठी जिला महामंत्री सगीर अंसारी जिला कोषाध्यक्ष ने संयुक्त रूप से कहा है कि, महासंघ शिक्षक हितों से कोई समझौता नहीं करेगा आर पार की लड़ाई लड़ेगा। प्रतिनिधि मंडल में शिव शंकर पाठक, आसिफ खान,सुरूर अख्तर, रुपाली शरण श्रीवास्तव, राघवेंद्र प्रताप सिंह,चंद्रेश कुमार राजभर,धनंजय पाण्डेय,कुमार अभय, प्रतिमा पांडेय, धर्मेंद्र सिंह राठौर,अरविन्द शर्मा, मिथिलेश कुमार मिश्र ब्लॉक अध्यक्ष फखरपुर मौजूद रहे।

# एसएमजीआई के बी फार्मा की शिखा दीक्षित बनी टॉपर

न्यूज वाणी ब्यूरो



इटावा। सर मदनलाल ग्रुप ऑफ इन्स्टीट्यूशन्स,इटावा में अध्ययनरत् बी.फार्मा के तीसरे पांचवे और सातवें सेमेस्टर के छात्रों ने अपने शानदार परिणाम से पुनः अपनी श्रेष्ठता साबित की है। डायरेक्टर डा.उमा शंकर शर्मा ने बताया कि एकेटीयू लखनऊ द्वारा घोषित बी फार्मा के तीसरे पांचवे और सातवें सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम हर वर्ष की तरह ही शत–प्रतिशत रहा है जिसमें बी.फार्मा के तृतीय सेमेस्टर में शिखा दीक्षित ने 81.87 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम, अंशिका सोनी ने 81.6 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय एवं अमित यादव ने 79.6 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। बी.फार्मा के पांचवे सेमेस्टर में पीयूष शाक्य ने 83.7 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम, पारुल ने 81.07 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय एवं देवांगी यादव ने 78.4 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम में बी फार्मा के सातवें सेमेस्टर में रितिका राजपूत ने 85.71 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम,शैल्वी ने 85.14 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय,रिषभ देव सिंह ने 83.71 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। एसएमजीआई के चेयरमैन डा.विवेक यादव ने इस शानदार परिणाम के लिए संस्था के डायरेक्टर डा. उमाशंकर शर्मा सहित समस्त स्टाफ को बधाई देते हुए सभी छात्र–छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# हैलो किड्स-स्माइल 1 प्ले स्कूल की द्वितीय शाखा का हुआ भव्य शुभारंभ

न्यूज वाणी ब्यूरो



इटावा।हैलो किड्स–स्माइल 1 प्ले स्कूल की द्वितीय शाखा का भव्य शुभारंभ सराय दयानत गीता पुरम कालोनी हनुमान पौधशाला वाली गली में पिलुआ महावीर हनुमान मंदिर के महंत एवं कथावाचक 1008 श्री हरभजन दास महाराज के करकमलों से फीता काट कर एवं नारियल फोड़कर कर किया गया।इस प्ले स्कूल की प्रथम शाखा हर्ष नगर में है। इस अवसर पर व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष आलोक दीक्षित,राकेश शर्मा,आनंद त्रिपाठी,श्रीमती सरस्वती मिश्रा,शिवम शर्मा व विमल तिवारी सहित शहर के दर्जनों प्रमुख लोगों ने नये विद्यालय के उद्घाटन पर शुभकामनाएं प्रेषित की। इस अवसर पर प्ले स्कूल ब्रांच हैड रिषी कुमार तिवारी व श्रीमती भारती तिवारी ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

# निर्वाचन कार्यो की प्रगति की समीक्षा बैठक

न्यूज वाणी ब्यूरो / फिरोजाबाद । अपर जिलाधिकारी विशु राजा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में समस्त सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के साथ निर्वाचन विशेष संक्षिप्त प्रगाढ़ पुनरीक्षण के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित की गई, बैठक में निर्वाचन कार्यो की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को समयबद्ध तरीके से कार्य पूर्ण करने के कडे निर्देश दिए गए, सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि निर्वाचन से संबंधित नोटिस डिलीवरी का कार्य 26 फरवरी तक अनिवार्य रूप से शत–प्रतिशत पूर्ण कर लिया जाए, बैठक में स्पष्ट निर्देश दिए गए की सभी बी0एल0ओ0 अनिवार्य रूप से क्षेत्र भ्रमण करेंगे, साथ ही घर–घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन करेंगे, निर्धारित तिथियां पर अपने बूथों पर उपस्थित रहेंगे, जी0ओ0 लोगिग पोर्टल पर प्रदर्शित हो रहे, डाटा का मौके पर जाकर भौतिक सत्यापन करने के निर्देश दिए गए, ताकि मतदाता सूची की शुद्धता सुनिश्चित की जा सके, फॉर्म–6 अधिक से अधिक भरवाने पर जोर दिया गया, विशेष रूप से 18 से 19 आयु वर्ग के युवाओं जिनका नाम अभी तक मतदाता सूची में शामिल नहीं है। समीक्षा के दौरान जिन अधिकारियों एवं कार्मिकों का प्रदर्शन संतोषजनक नहीं है, उन्हें चेतावनी दी गई, बैठक में स्पष्ट किया गया कि निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य में किसी प्रकार की शीथिलता अक्षम्य होगी, प्रशासन का लक्ष्य एक पारदर्शी शुद्ध और समावेशी मतदाता सूची तैयार करना है, ताकि कोई भी पात्र मतदाता मताधिकार से वंचित न रहे, बैठक में अपर जिलाधिकारी न्यायिक और अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे, डिप्टी कलेक्टर अनुराधा सिंह सहित अधिकारी उपस्थित रहें।

## सूचना

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र मोहम्मद कमर नज़ीर पुत्र गौहर नज़ीर सिद्दीकी का जन्म का दिनाकं 30.03.2019 को गेट वेल नर्सिंग होम मछली मार्केट लाला बाजार फतेहपुर में हुआ था। पिता का नाम गौहर नज़ीर सिद्दीकी है। अज्ञानतावश मेरा पुत्र का जन्म पंजीकरण में नाम दर्ज नही हो सका था। मेरा पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र की आवश्यकता है। जन्म प्रमाण पत्र किसी सरकारी/अर्धसरकारी संस्था से नही बना है। किसी प्रकार का वाद विवाद उत्पन्न होने के कारण उसकी जिम्मेदारी मेरे व मेरे परिवार की होगी।

हुमा मेराज पत्नी गौहर नज़ीर सिद्दीकी निवासी –326, आबूनगर, तहसील व जिला फतेहपुर।

## होली विशेष रेलगाड़ीयों का संचालन

भारतीय रेल द्वारा अपने सम्मानित रेल यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए निम्नलिखित होली विशेष रेलगाड़ीयों के संचालन का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नवत हैः-

**रेलगाड़ी संख्याः 01143/01144 लोकमान्य तिलक ट.-दानापुर विशेष रेलगाड़ी (प्रतिदिन)**

| गाड़ी सं. 01143 लोकमान्य तिलक ट.-दानापुर | | | गाड़ी सं. 01144 दानापुर-लोकमान्य तिलक ट. | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 10:30 | लोकमान्य तिलक टर्मिनल | 07:45 | ---- |
| 09:08 | 09:10 | मानिकपुर | 08:55 | 08:57 |
| 10:55 | 11:00 | प्रयागराज छिवकी | 05:45 | 05:50 |
| 18:45 | ---- | दानापुर | ---- | 21:30 |

**लोकमान्य तिलक टर्मिनल सेः** रेलगाड़ी सं. 01143 **(प्रतिदिन)** दिनांक- 21.02.2026 से 08.03.2026, **दानापुर सेः** रेलगाड़ी 01144 **(प्रतिदिन)** दिनांक- 22.02.2026 से 09.03.2026, **गाड़ी संरचनाः** वातानुकूलित द्वितीय श्रेणीः 01, स्लीपर श्रेणीः 09, सामान्य श्रेणीः 04, वातानुकूलित तृतीय श्रेणीः 06

**रेलगाड़ी संख्याः 01449/01450 पुणे-दानापुर विशेष रेलगाड़ी (प्रतिदिन)**

| गाड़ी सं. 01449 पुणे-दानापुर | | | गाड़ी सं. 01450 दानापुर-पुणे | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 15:30 | पुणे | 18:15 | ---- |
| 15:48 | 15:50 | मानिकपुर | 16:45 | 16:47 |
| 17:45 | 17:50 | प्रयागराज छिवकी | 13:00 | 13:20 |
| 02:45 | ---- | दानापुर | ---- | 05:00 |

**पुणे सेः** रेलगाड़ी सं. 01449 **(प्रतिदिन)** दिनांक- 21.02.2026 से 08.03.2026, **दानापुर सेः** रेलगाड़ी 01450 **(प्रतिदिन)** दिनांक- 23.02.2026 से 10.03.2026, **गाड़ी संरचनाः** वातानुकूलित द्वितीय श्रेणीः 01, स्लीपर श्रेणीः 06, सामान्य श्रेणीः 04, वातानुकूलित तृतीय श्रेणीः 05

नोट– ट्रेनों की समय–सारणी से सम्बन्धित जानकारी हेतु हेल्पलाइन नं0 139 या Rail madad Mobile App या वेबसाइट railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।

उत्तर मध्य रेलवे

X @CPRONCR | North central railways | www.ncr.indianrailways.gov.in | 396/26(DG)

## होली विशेष रेलगाड़ियों का संचालन

भारतीय रेल द्वारा अपने सम्मानित रेलयात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए होली विशेष रेलगाड़ियों के संचालन का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नवत् हैः-

**गाड़ी सं. 01431/01432 पुणे-गाजीपुर सिटी-पुणे विशेष रेलगाड़ी (सप्ताह में दो दिन)**

| 01431 पुणे-गाजीपुर सिटी विशेष | | | 01432 गाजीपुर सिटी-पुणे विशेष | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
| शुक्र., मंगल. | 06:40 | पुणे | 16:20 | सोम., शुक्र. |
| 08:03 | 08:05 | मानिकपुर | 16:25 | 16:27 |
| 10:20 | 10:25 | प्रयागराज छिवकी | 12:55 | 13:00 |
| 19:05 | शनि., बुध. | गाजीपुर सिटी | रवि., गुरु. | 04:20 |

**पुणे सेः** गाड़ी सं. 01431, (शुक्रवार व मंगलवार), दिनांक 24, 27.02.2026 एवं 03, 06.03.2026 **गाजीपुर सिटी सेः** गाड़ी सं. 01432, (रविवार व गुरूवार), दिनांक 26.02.2026 एवं 01, 05, 08.03.2026 **गाड़ी संरचनाः** स्लीपर श्रेणी-06, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी-01, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी-05, सामान्य श्रेणी-04

**गाड़ी सं. 01043/01044 लोकमान्य तिलक (ट.)-समस्तीपुर लोकमान्य तिलक (ट.) विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक)**

| 01043 लोकमान्य तिलक (ट.)-समस्तीपुर विशेष | | | 01044 समस्तीपुर-लोकमान्य तिलक (ट.) विशेष | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
| मंगल. | 12:15 | लोकमान्य तिलक (ट.) | 16:25 | शुक्र. |
| 08:50 | 08:52 | मानिकपुर | 17:25 | 17:30 |
| 11:00 | 11:05 | प्रयागराज छिवकी | 14:25 | 14:30 |
| 23:45 | बुध. | समस्तीपुर | गुरु. | 03:00 |

**लोकमान्य तिलक (ट.) सेः** गाड़ी सं. 01043, (मंगलवार), दिनांक 24.02.2026 एवं 03.03.2026 **समस्तीपुर सेः** गाड़ी सं. 01044, (गुरूवार), दिनांक 26.02.2026 एवं 05.03.2026 **गाड़ी संरचनाः** वातानुकूलित तृतीय श्रेणी-15, पेन्ट्रीकार-01 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी-03, वातानुकूलित प्रथम श्रेणी -01

नोटः ट्रेनों की समय-सारणी से सम्बन्धित जानकारी हेतु हेल्पलाइन 139 या Rail madad Mobile App या वेबसाइट railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।

उत्तर मध्य रेलवे

X @CPRONCR | North central railways | www.ncr.indianrailways.gov.in | 394/26 (ADM)

# एसआईआर : कल प्रत्येक मतदेय स्थल पर चलेगा विशेष अभियान

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सम्प्रति विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामालियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण–2026 से सम्बन्धित कार्यक्रम के अन्तर्गत दावे और आपत्तियां 06 मार्च तक प्राप्त की जा रही हैं। आयोग द्वारा निर्धारित दावे और आपत्तियां प्राप्त करने की अवधि में 22 फरवरी को विशेष अभियान दिवस निर्धारित किया गया है। मतदान केन्द्रों पर आवश्यक स्टाफ की व्यवस्था की जायेगी तथा सभी पदाभिहित अधिकारी पूर्वाह्न 10.30 बजे से सायं 04.30 बजे तक उपस्थित रहेगें। प्रत्येक बीएलओ के पास 06 फरवरी को प्रकाशित आलेख्य मतदाता सूची की प्रति, एएसडीडी (अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृत एवं डुप्लिकेट) मतदाताओं की सूची, नो मैपिंग एवं लॉजिकल डिस्क्रीपेंसी की सूची भी उपलब्ध रहेगी। दावे और आपत्तियों से सम्बन्धित सभी प्रकार के फार्मों यथा–6 (घोषणा–पत्र सहित), 6 ए, 7 एवं 8 (घोषणा–पत्र सहित) इत्यादि पर्याप्त संख्या में उपलब्ध रहेगें। विशेष अभियान दिवस में प्रत्येक मतदान केन्द्र पर एक हेल्प डेस्क बनाया जायेगा, जहां मतदाताओं को फार्म भरने में सहायता प्रदान की जायगी। प्राप्त होने वाले सभी दावे और आपत्तियों से सम्बन्धित फार्मों का अभिलेखीकरण सुव्यवस्थित ढंग से किया जायेगा। समस्त मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनैतिक दलों द्वारा नियुक्त बूथ लेवल एजेण्टों का भी सहयोग प्राप्त किया जायेगा। इसके अतिरिक्त सभासद, ग्राम प्रधान एवं वॉलेन्टियर से भी नियमानुकूल सहयोग प्राप्त किया जायेगा। विशेष अभियान दिवस के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों एवं अन्य सम्बन्धित अधिकारियों द्वारा विशेष अभियान दिवस में बूथों का भ्रमण किया जायेगा। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा सभी अर्ह नागरिकों से अपील की गयी है कि अपने निकटम मतदान केन्द्र पर बी०एल०ओ० से फॉर्म 6 प्राप्त कर घोषणा पत्र एवं आवश्यक अभिलेखों सहित भरते हुए अपना नाम मतदाता सूची में सम्मिलित कराएं।

# त्रिस्तरीय पंचायतों की संशोधित निर्वाचक नामावली घोषित

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत एवं नगरीय निकाय) ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग की अधिसूचना (संशोधन) दिनांक–06.01.2026 के क्रम में इस कार्यालय की सार्वजनिक सूचना (संशोधित) 06 जनवरी को संशोधित करते हुए जनपद में त्रिस्तरीय पंचायतों की निर्वाचक नामावली का आयोग द्वारा संशोधित समय सारिणी के अनुसार वृहद पुनरीक्षण किया जायेगा। उन्होने बताया कि दावे/आपत्तियों के निस्तारण के उपरान्त हस्तलिखित पाण्डुलिपियाँ तैयार करना, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के कार्यालय में जमा करना एवं सम्भावित डुप्लीकेट मतदाताओं के सत्यापन व निस्तारण की कार्यवाही करने की अवधि 07 जनवरी से 16 मार्च, दावे और आपत्तियों के निस्तारण के उपरान्त पूरक सूचियों की कम्प्यूटरीकरण की तैयारी, उन्हे मूल सूची में यथा स्थान समाहित करने एवं यथावश्यक मतदान केन्द्रों व स्थलों के निर्धारण की कार्यवाही 21 फरवरी से 16 मार्च तक, मतदाता सूचियों की कम्प्यूटरीकरण के उपरान्त मतदान केन्द्रों व स्थलों का क्रमांकन, मतदेय स्थलों के वार्डो की मैपिंग, मतदाता क्रमांकन, एसवीएन आवंटन, मतदाता सूची की डाउनलोडिंग, फोटो प्रतियाँ कराने आदि 17 मार्च, से 13 अप्रैल तक, निर्वाचक नामावलियों का जनसामान्य के लिए अन्तिम प्रकाशन 15 अप्रैल, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं समस्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा अपने क्षेत्राधिकार के अन्तर्गत त्रिस्तरीय पंचायतों की निर्वाचक नामावली के संशोधित पुनरीक्षण कार्यक्रम का सार्वजनिक जानकारी हेतु समस्त सम्बन्धित कार्यालयों के सूचना पट्ट पर भी यह कार्यक्रम प्रदर्शित किया जायेगा। निर्वाचक नामावली के वृहद् पुनरीक्षण के दौरान पड़ने वाले सार्वजनिक अवकाश दिवसों में सम्बन्धित कार्यालय खुले रहेंगे। निर्धारित समय–सरिणी के अनुसार निर्वाचक नामावली के वृहद् पुनरीक्षण का कार्य पूर्ण कराया जाएगा।

# ऐरायां ब्लाक में दिनों दिन गिर रहा शिक्षा का स्तर

## – प्राथमिक विद्यालय में पूरा स्टॉप गायब, झाड़ू लगाते मिले बच्चे

न्यूज वाणी ब्यूरो

खागा, फतेहपुर। विकास खंड ऐरायां में दिनों दिन षिक्षा का स्तर गिरता जा रहा है। प्राथमिक विद्यालयों की हालत बद से बदतर हो गई है। कई स्कूलों का तो समय से ताला भी नहीं खुलता और स्टाफ नदारत रहता है। प्राथमिक विद्यालय दुर्गा का पुरवा में षुक्रवार को साढ़े दस बजे तक ताला लटकता रहा। साढ़े दस बजे शिक्षामित्र अशोक कुमार सोनी ने विद्यालय गेट का ताला खोगा। उनकी ड्यूटी वर्तमान समय में बीएलओ के कार्य में लगी हुई है। दो शिक्षक संदीप कुमार व कल्पना देवी की ड्यूटी बोर्ड परीक्षा में लगी होने के बाद प्रधानाध्यापिका मीना देवी गायब, तो पुष्कर दीक्षित भिटौंरा ब्लॉक में एआरओ के पद पर मुस्तैदी बताई गई। खंड शिक्षा अधिकारी रत्नमणि मिश्रा ने बताया कि मौके पर टीम भेजकर जांच कराई जाएगी।




# रेडक्रास चेयरमैन ने 339 बच्चों को दी चिकनपाक्स की दवा

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी, आरोग्य भारती, दि होम्योपैथिक मेडिकल एसोसिएशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में डॉ सत्यनारायण सेवा फाउंडेशन के संयोजकत्व में गत वर्षों की भांति चेयरमैन व प्रदेष कार्यकारिणी सदस्य डॉ अनुराग श्रीवास्तव ने चिकनपॉक्स बचाव महाभियान चलाया। डॉ अनुराग ने कहा कि हम सभी स्वच्छता को अपने जीवन में उतारकर बहुत सारी बीमारियों से बच सकते हैं। डॉ अनुराग द्वारा प्राथमिक विद्यालय त्रिलोकीपुर के 90, उच्च प्राथमिक विद्यालय त्रिलोकीपुर के 85, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय के 90, कम्पोजिट विद्यालय खटौली के 74 कुल 339 बच्चों को चिकनपॉक्स से बचाव व संक्रमण को कम करने में सहायक होम्योपैथिक औषधि का वितरण किया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या रुचिका सिंह, नरेश कुमार तिवारी, वार्डन क्षमा तिवारी, अध्यापिका रोशनी सिंह पटेल, संगीता यादव सहित प्रमुख सहयोगी आजीवन सदस्य अभिनव श्रीवास्तव व प्रेमचंद्र मौर्य उपस्थित रहे।



# दीक्षा समारोह में रेंजर्स को विधिवत दिलाई प्रतिज्ञा

## - महिला महाविद्यालय में चल रहा रेंजर्स का प्रशिक्षण शिविर

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। डॉ. भीमराव अंबेडकर राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित पाँच दिवसीय रेंजर्स प्रशिक्षण शिविर के अंतर्गत आज दीक्षा समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का वातावरण उत्साह, अनुशासन एवं गरिमा से ओत–प्रोत रहा। दीक्षा समारोह में रेंजर्स को विधिवत प्रतिज्ञा दिलाई गई तथा तिलक लगाकर एवं मिष्ठान वितरण कर उन्हें औपचारिक रूप से दीक्षा दिलाई गई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार यादव ने अपने संबोधन में कहा कि रेंजर्स शिविर केवल प्रशिक्षण का माध्यम नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण की एक सशक्त प्रक्रिया है। यह छात्राओं में नेतृत्व क्षमता, आत्मविष्वास, सेवाभाव तथा राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना विकसित करता है। उन्होंने सभी रेंजर्स को जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में अनुशासन एवं कर्तव्यनिष्ठा बनाए रखने की प्रेरणा दी। रेंजर्स प्रभारी डॉ. अनुष्का छौंकर ने पाँच दिवसीय प्रशिक्षण की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि इस अवधि में छात्राओं को ध्वज शिष्टाचार, प्राथमिक उपचार, गाँठ बाँधना, टेंट पिचिंग, आपदा प्रबंधन, सांस्तिक अभिव्यक्ति एवं श्रमदान जैसी गतिविधियों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। दीक्षा शिविर के माध्यम से छात्राओं ने सेवा एवं समर्पण का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम का संचालन समिति सदस्य आनंद नाथ एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ. ज़िया तसनीम के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्रो. शकुंतला, प्रो. लक्ष्मिना भारती, प्रो. प्रशांत द्विवेदी, डॉ. शरद चंद्र राय, डॉ. चारु मिश्रा, डॉ. रमेश सिंह, डॉ. मधुलिका श्रीवास्तव, डॉ. चंद्रभूषण, डॉ. बृजेश पाल, डॉ. राज कुमार सहित समस्त प्राध्यापकगण एवं समस्त कर्मचारीगण उपस्थित रहे। सभी प्राध्यापकों ने रेंजर्स को तिलक लगाकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मिष्ठान वितरित कर शुभाशीष प्रदान किया। रेंजर्स ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि शिविर ने उनमें आत्मनिर्भरता, टीम भावना एवं सामाजिक जागरूकता को और अधिक सु.ढ़ किया है। समारोह का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। दीक्षा शिविर ने छात्राओं के मन में सेवा, अनुशासन और राष्ट्रप्रेम की भावना को और अधिक प्रबल किया। महाविद्यालय परिवार के लिए यह अवसर गर्व एवं प्रेरणा का प्रतीक सिद्ध हुआ।



# ग्रामीण आजीविका को सुदृढ़ कर सूखा मुक्तभारत बनाना

## - जल संरक्षण, भूमि संरक्षण पर कार्यक्रम आयोजित कर किया जागरूक

## - वाटरशेड महोत्सव में तीन बच्चे व दस किसान सम्मानित

न्यूज वाणी ब्यूरो

अमौली, फतेहपुर। विकास खंड अमौली के नरैचा गांव में परती भूमि विकास विभाग जलागम विकास घटक द्वारा वाटर शेड महोत्सव का आयोजन किया गया। विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से किसानों व आजीविका मिशन से जुड़ी महिलाओं को जल संरक्षण, भूमि संरक्षण व पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूक किया गया। दीप प्रज्जवलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। महिलाओं ने कलश यात्रा निकाल गांवों में लोगों को जल संरक्षण भूमि संरक्षण के लिए जागरूक करते हुए नारे लगाएं। मुख्य अतिथि जिला भूमि संरक्षण अधिकारी अख्तर हुसैन ने कहा कि बारिश के कारण जहां का पानी बहकर किसी एक स्थान पर जाता है वहां वाटर शेड महोत्सव मनाया जा रहा। पर्यावरण का संरक्षण करना होगा, प्रा.तिक संसाधनों को बचाना होगा। कहा कि मुख्य उद्देश्य वर्षा आधारित और बंजर भूमि में जल संचयन, सूखा–मुक्त भारत का निर्माण और ग्रामीण आजीविका को सु.ढ़ करना। कार्यक्रम की अध्यक्षता रमाकांत तिवारी ने व सफल संचालन आलोक गौड़ ने किया। .षि वैज्ञानिक डा. शिवमंगल सिंह ने फसल कटाई के बाद खेतों की मेड या घावा को खुला न छोड़ने को प्रेरित किया। कहा कि पहली बारिश से नाइट्रोजन मिल जाता है लेकिन किसान फसल करने के बाद मेड खुली छोड़ देते है जिससे इसका लाभ नहीं मिलता। भूमि परीक्षण प्रयोगशाला प्रभारी प्रेमदान पाल में मिट्टी की जांच को लेकर किसानों को प्रेरित किया। नाडेप कंपोस्ट, वर्मी कंपोस्ट बनाने की विधि बताई। .षि विभाग के सलाहकार कुंवर सेन गंगवार ने विभाग की योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। जल संरक्षण पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन कंपोजिट विद्यालय नरैचा में किया गया जिसमे आकाक्षा, शिवानी, रिया को क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय आने पर मोमेंटो प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। तालाब बनाकर, खेती कर जल संरक्षण के रूप में कार्य करने वाले वाटरशेड मार्गदर्शक के तौर पर दस किसानों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। वृक्षारोपण, सफाई अभियान व भूमि पूजन के कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। जेई पीयूष कुमार, आशुतोष सिंह, राजेंद्र उत्तम, लखन सिंह, अनंत यादव, सुनील पटेल सहित शिवपुरी, हुसेपुर, जरौली, नयापुरवा, जुड़ाखेड़ा, उदुपुर व बोधी का डेरा, मेडे का पुरवा के किसान उपस्थित रहे।



# भाजपा जनता को धोखा देने वाली पार्टी : अखिलेश

## - एसआईआर के जरिए पीडीए के काटे जा रहे नाम, सपा नहीं करेगी बर्दाश्त

## - भाजपा शासनकाल में शंकराचार्य को संगम में किया गया अपमानित

## - सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री का एक दिवसीय दौरा

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। भारतीय जनता पार्टी धोखा देने वाली पार्टी है। न किसी की आय दोगुनी हुई और न ही भ्रश्टाचार पर लगाम लगी। एसआईआर के जरिए भाजपा जानबूझकर लोगों को परेषान कर रही है। जनता के असली मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए यह सब किया जा रहा है। एसआईआर के नाम पर पीडीए के नाम काटे जा रहे हैं जो समाजवादी पार्टी कभी बर्दाष्त नहीं करेगी। यह बात षुक्रवार को पूर्व मुख्यमंत्री एवं समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेष यादव ने पूर्व विधायक मो0 सफीर के आवास पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए कही। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि पीडीए हमारी ताकत है। पीड़ित, दुखी, अपमानित सब पीडीए के हिस्सा हैं। पीडीए को हक और सम्मान दिलाने का काम समाजवादी पार्टी करेगी। जो लोग इसमें ताकत बढ़ाना चाहते हैं उनका स्वागत है। उन्होंने कहा कि क्या आज शंकराचार्य पीड़ित नहीं हैं। डिप्टी सीएम कोई संवैधानिक पद नहीं है। एक डिप्टी सीएम स्टूल मंत्री हैं तो एक डिप्टी सीएम ब्राह्मण समाज से हैं। ये लोग शंकराचार्य को सम्मान और न्याय नहीं दिला सकते। शंकराचार्य हमारे लिए पूजनीय हैं। डिप्टी सीएम बनाकर उन्हें मिठाई दे दी गई है जिसे वे खा रहे हैं। बाकी कोई अधिकार नहीं है। एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि फतेहपुर में दो पत्रकारों की हत्या हुई। इतना ही नहीं हरिओम के परिवार से उन्हें मिलने तक नहीं दिया जा रहा था। उन्होंने कहा कि बजट आ गया है जिसमें सिर्फ सपना दिखाया गया है। जितना लोगों के हाथ में पैसा आएगा उतनी हमारी अर्थव्यवस्था मजबूत होगी लेकिन भाजपा इसको समझ नहीं रही है। जापान की वनस्पति का उल्लेख किया। सरकार हर क्षेत्र में आंकड़े छुपा रही है। पीडीए की ताकत से फतेहपुर को भाजपा फतेह नहीं कर पाई। अवैध कब्जा सबसे ज्यादा भाजपा कर रही है। उन्होंने कहा कि पहली बार शंकराचार्य को संगम में अपमानित किया गया। आज तक कभी किसी शंकराचार्य को धार्मिक कार्य से नहीं रोका गया। शंकराचार्य का अगर अपमान किसी ने किया है तो वह भारतीय जनता पार्टी है। यह नकली सनातनी है। जिनके पास योगी का सर्टिफिकेट नहीं हैं वे शंकराचार्य का सर्टिफिकेट मांग रहे हैं। क्राइम में उत्तर प्रदेश सबसे आगे है। किसी भी फसल की कीमत सरकार नहीं दे पा रही है। प्रदेश में अगर जमीन के माफिया हैं तो सबसे ज्यादा भाजपा के लोग हैं। लोकतंत्र के मंदिर में बहुत खराब भाषा का प्रयोग किया जा रहा है। गोरखपुर में 19 लोगों की आंख चली गई आप सोच सकते हैं कि स्वास्थ्य व्यवस्था कैसी है। यह सरकार 10 साल सिर्फ जनता को घुमा रही थी। अमेरिका के लिए पूरा बाजार खोल दिया। जो पशुओं का चारा है वह भी अमेरिका से आएगा, आप सोच सकते हैं। मुर्गी और बकरी का दाना भी बाहर से आएगा। सोयाबीन का तेल भी अमेरिका से बाजार में आएगा। भारत का किसान क्या करेगा, वह तो भूखा मर जाएगा। पूर्व विधायक मो0 सफीर के आवास अफोई पर पूर्व मुख्यमंत्री का ऐतिहासिक स्वागत भी किया गया। तत्पष्चात पूर्व मुख्यमंत्री का काफिला हुसैनगंज विधायक ऊशा मौर्या के आवास पहुंचा। जहां उन्होने क्षेत्रीय जनता से मुलाकात की। इसके बाद पूर्व मुख्यमंत्री षहर के पनी मुहल्ला स्थित नगर पालिका परिशद की पूर्व अध्यक्ष नजाकत खातून के आवास पहुंचे। जहां उन्होने पूर्व अध्यक्ष के स्वास्थ्य का हाल जाना। इसके बाद वह षादीपुर स्थित एक गेस्ट हाउस में आयोजित सपा जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह यादव की सुपुत्री के विवाह समारोह में षामिल हुए।



# पुलिस ने दो चोरी की घटनाओं का किया खुलासा, तीन गिरफ्तार

न्यूज वाणी ब्यूरो

खागा, फतेहपुर। खागा कोतवाली पुलिस ने क्षेत्र में हुई दो अलग–अलग चोरी की घटनाओं का सफल अनावरण करते हुए तीन शातिर अभियुक्तों को गिरतार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लैपटॉप, मोबाइल, चांदी के जेवरात और नकदी बरामद की है। सभी आरोपियों को न्यायालय भेज दिया गया। बताते चलें कि 26 दिसंबर 2025 को अयोध्या नगर नौबस्ता रोड निवासी हंसराज ने अपने घर से सोने–चांदी के जेवरात चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। वहीं चार फरवरी 2026 को नौबस्ता बाईपास क्षेत्र निवासी संजना पत्नी आकाश वर्मा ने भी घर में रखे जेवरात व नकदी चोरी होने की सूचना थाना खागा में दी थी। दोनों मामलों में धारा 305 बीएनएस के तहत मुकदमा पंजी.त कर जांच शुरू की गई थी। लगातार सुरागरसी के बाद पुलिस टीम ने षुक्रवार की भोर नौबस्ता रोड स्थित नहर पुलिया के पास से तीनों आरोपियों अभि उर्फ .ष्णा निवासी नई बाजार खागा, अभिषेक सिंह निवासी सरसई बुजुर्ग खागा व राहुल निवासी झाउपुर पुलिया थाना राधानगर को गिरतार कर लिया। पुलिस टीम ने तीनों के पास से एक डेल कंपनी का लैपटॉप, एक वनप्लस मोबाइल, एक जोड़ी चांदी की पायल, चार बिछिया, 3200 रुपये नकद बरामद किए है। बरामदगी के आधार पर मुकदमों में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोतरी की गई है। पुलिस ने बताया कि मुख्य आरोपी अभि उर्फ .ष्णा के खिलाफ पूर्व में भी आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। गिरतारी करने वाली टीम में चौकी प्रभारी कस्बा अनीष कुमार सिंह, वरिश्ठ उपनिरीक्षक .ष्ण कुमार यादव, उपनिरीक्षक बिन्धेश कुमार गिरि, मुख्य आरक्षी अतुल श्रीवास्तव व आरक्षी बन्टी षामिल रहे।



# इफ्तार व सहरी




सुन्नी हजरात

तीसरे रोजे का इफतार 6.04 व तीसरे रोजे की सहरी 5.14 मिनट पर करे।

शिया हजरात– तीसरे रोजे का इफतार 6.14 व तीसरे रोजे की सहरी 5.04 मिनट पर करे।

# दंपति ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

## – पांच माह पूर्व दोनों ने किया था प्रेम विवाह

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। पांच माह पूर्व प्रेम विवाह के बंधन में बंधे नवविवाहित दंपति ने फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। पहले पति ने अर्द्धनिर्मित षौचालय में फांसी लगा लिया। वहीं पत्नी को भनक लगने पर पुलिस को सूचना कर स्वयं सरिया से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। दोनों अलग अलग बिरादरी के थे।

जानकारी के अनुसार बिन्दकी कोतवाली के जाफराबाद निवासी सीताराम कुशवाहा का 36 वर्षीय पुत्र अमरजीत कुशवाहा ने पांच माह पूर्व रेखा सोनकर 30 वर्ष के साथ प्रेम विवाह किया था और कस्बे के बराती मोहल्ले में किराये का मकान लेकर रह रहे थे। बताते हैं कि सुबह पहर अमरजीत ने पांच मंजिल इमरात के षौचालय में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पत्नी रेखा को जब इसकी जानकारी हुयी तो उसने पहले पुलिस को सूचना दिया और सरिया में रस्सी का फंदा डाल फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। दंपति के आत्महत्या के बाद मोहल्ले में सनसनी फैल गयी। वहीं घटना की सूचना पाते ही कोतवाली प्रभारी सहित पुलिस बल मौके में पहुंच दोनो शवों को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। सूत्रों के अनुसार पति पत्नी के बीच विवाद के बाद दोनो ने घटना को अंजाम दिया है। पुलिस पति पत्नी द्वारा किये गये आत्महत्या का कारण जाने का प्रयास कर रही है।

# अनियंत्रित बाइक गिरने से युवक घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। हथगाम थाना क्षेत्र के दामोदरपुर गांव के समीप अनियंत्रित बाइक सवार गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में उसको इलाज के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के दुधा पर गांव निवासी स्वर्गीय राम रतन पाल का 60 वर्षीय पुत्र सुंदरलाल बाइक पर सवार होकर घर से किसी काम के लिए निकला था। जब उसकी बाइक थाना क्षेत्र के दामोदरपुर गांव के समीप पहुंची। तभी बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई जिससे बाइक चालक सुंदरलाल गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में उसको इलाज के लिए हथगांम सीएचसी पहुंचाया गया। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद सरकारी एम्बुलेन्स से जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। वहीं जिला अस्पताल पहुंचते ही ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर भर्ती कर उसका इलाज कर रहे है।

# वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। खागा कोतवाली क्षेत्र के किशनपुर रोड पर हरदो गांव के समीप चार पहिया वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल हो गया। घायल अवस्था में उसको इलाज के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार हुसैनगंज थाना क्षेत्र के मकनपुर गांव निवासी राम प्रसाद का 35 वर्षीय पुत्र अवधेश बाइक पर सवार होकर घर से किसी काम के लिए निकला था। जब उसकी बाइक खागा कोतवाली क्षेत्र के किशनपुर रोड पर हरदो गाँव के समीप पहुंची। तभी चार पहिया वाहन की टक्कर से बाइक सवार अवधेश घायल हो गया। घायल अवस्था में उसको इलाज के लिए हरदो सीएचसी पहुंचाया गया। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद सरकारी एंबुलेंस से जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। वहीं जिला अस्पताल पहुंचते ही ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर भर्ती कर उसका इलाज कर रहे हैं। घायल के साथ अस्पताल पहुंचे उसके रिश्तेदार शंकर ने घटना की जानकारी दिया।

# सड़क हादसों में महिला समेत दो घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। अलग–अलग थाना क्षेत्रों के अर्न्तगत हुए सड़क हादसों के दौरान महिला दो लोग घायल हो गये। जिन्हे उपचार के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार हुसैनगंज थाना क्षेत्र के बेंती सादात गांव निवासी स्वर्गीय सूरजपाल की 79 वर्षीय पत्नी रामकली अपनी पोती आकांक्षा के साथ ई–रिक्शे पर सवार होकर थरियांव थाना क्षेत्र के असोथर रोड पर स्थित चित्रकूट आई हॉस्पिटल में चश्मा लगवाने गई थी। वहां से वापस लौटते समय जब रिक्शा चंद कदम की दूरी पर आगे बढ़ा तभी अनियंत्रित होकर पलट गया। जिससे रिक्शे पर सवार वृद्ध महिला रामकली घायल हो गई। उधर कानपुर नगर के थाना नरवल गांव बाम्बी निवासी कल्लू का 30 वर्षीय पुत्र बाइक से थरियांव थाना क्षेत्र के अर्न्तगत शादी समारोह में आया था। बताते है कि हाइवे किनारे बाइक लेकर खडा था तभी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दिया। जिससे वह घायल हो गया। सूचना पर पहुंची सरकारी एम्बुलेंस ने उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया।

स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक, फतेहपुर किंग सेवा संस्थान के लिये नफीस अहमद जाफरी द्वारा जाफरी प्रिन्टर्स 170 महाजरी फतेहपुर उ0प्र0 से मुद्रित एंव प्रकाशित । सम्पादक नफीस अहमद जाफरी मो0 9451548620 R.N. I : UPHIN/ 2011/44792 (समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र फतेहपुर )